


भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

4 जून- 10 जून 2025

ज्येष्ठ, पक्ष - शुक्ल, तिथि - नवमी , संवत 2082 पृष्ठ : 8 जयपुर, बुधवार वर्ष-11, अंक-14, मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-











## फिर डराने लगा कोरोना, एक्टिव केस 4000 के पार, 24 घंटे में 5 की मौत

**नई दिल्ली @ जागरूक जनता।** देश में कोरोना वायरस एक बार फिर पांव पसारता नजर आ रहा है। बीते 24 घंटों में कोविड-19 से पांच लोगों की मौत हो गई है, जबकि सक्रिय मामलों की संख्या बढ़कर 4026 पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, जिन पांच लोगों की मौत हुई, वे पहले से अन्य गंभीर बीमारियों से ग्रस्त थे। ये मौतें केरल, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में हुई हैं।

**महाराष्ट्र में चिंता की स्थिति :** महाराष्ट्र में अब तक इस वर्ष 873 लोग संक्रमित हो चुके हैं, जिनमें से 800 से ज्यादा अब भी सक्रिय मरीज हैं। मुंबई में ही 20 नए मामले दर्ज किए गए हैं। पश्चिम बंगाल में बीते 24 घंटों में 44 नए केस सामने आए, और राज्य में अब 331 एक्टिव केस हैं। कर्नाटक में भी 87 नए मामलों के साथ सक्रिय मरीजों की संख्या 311 हो गई है।


HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज

ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट

- मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
- सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
- असाध्य घाव/शुगर के घाव
- कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
- अचानक बहरापन (Hearing Loss)
- डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:-
98290-17133, 70737-77133
9983317133

डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.

नेशनल हायपरबैरिक रिसर्च सैन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड़, विद्याधर नगर, जयपुर

Dept. of Hyperbaric Medicine
Fortis Escorts Hospital
JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur

E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.in




जागरूक जनता ऑन लाइन पढ़ने के लिए स्कैन करें
ई-पेपर व अन्य खबरें देखें
jagrukjanta.net

जयपुर में राहत का दूसरा नाम बना रास्ता खोलो अभियान : सहमति और समझाइश से हर सप्ताह प्रत्येक तहसील में खुलवाए जा रहे 3 रास्ते

# 1,182 रास्ते खुलने से लाखों ग्रामीणों की राह आसान

### फागी अव्वल...सर्वाधिक 102 रास्ते खुलवाए, चौमूं में प्रशासन ने खुलवाए 82 रास्ते

### जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी स्वयं कर रहे अभियान की मॉनिटरिंग

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देशों की अनुपालना में जयपुर जिले में संचालित रास्ता खोलो अभियान अब ग्रामीणों एवं किसानों के लिए राहत का दूसरा नाम बन गया है। 7 महीने से भी कम समय में जयपुर जिले में बरसों से बंद एक हजार 182 रास्ते खुलवाकर लाखों ग्रामीणों की खेतों एवं गांवों की राह आसान की है। जयपुर जिले में रास्ता खोलो अभियान के सफल क्रियान्वयन एवं अधिक से अधिक आमजन को लाभांवित करने के लिए जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी स्वयं अभियान की लगातार मॉनिटरिंग कर रहे हैं। अभियान के तहत रास्ते खुलवाने के मामले में फागी अव्वल है जहां सर्वाधिक 102 रास्ते खुलवाए गए हैं तो वहीं, चौमूं में प्रशासन ने 85 रास्ते खुलवा कर ग्रामीणों को राहत प्रदान की है। अभियान के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर एवं देवेन्द्र कुमार जैन ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में प्रत्येक तहसील में हर सप्ताह 3 रास्ते खुलवाकर लाखों ग्रामीणों को राहत प्रदान की जा रही है। रास्ता खोलो अभियान के तहत जिला प्रशासन ने समझाइश एवं सहमति से गांवों, खेतों और ढाणियों के बरसों से बंद पड़े एक हजार 182 रास्ते खुलवाए गए हैं। उन्होंने ने बताया कि 15 नवंबर 2024 से 31 मई 2025 तक अभियान के तहत जयपुर तहसील में 4 रास्ते, कालवाड़ तहसील में 8 रास्ते, आमेर तहसील में 64 रास्ते, जमवारामगढ़ तहसील में 54 रास्ते, आंधी तहसील में 62 रास्ते, बस्सी तहसील में 62 रास्ते, तूंगा तहसील में 44 रास्ते खुलवाए गए। वहीं, शाहपुरा तहसील में 73 रास्ते, जोबनेर तहसील में 65 रास्ते, किशनगढ़-रेनवाल तहसील में 55 रास्ते, फुलेरा तहसील में 63 रास्ते, रामपुरा-डाबड़ी तहसील में 50 रास्ते, जालसू तहसील में 41 रास्ते, सांगानेर तहसील में 26 रास्ते खुलवाए गए। उन्होंने ने बताया कि चाकसू तहसील में 68 रास्ते, कोटखावदा तहसील में 49 रास्ते, माधोराजपुरा तहसील में 65 रास्ते, दूदू तहसील में 61 रास्ते एवं मौजमाबाद तहसील में 81 रास्ते खुलवाए गए। उन्होंने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने अधिकारियों को रास्ता खोलो अभियान के तहत बंद रास्ते खुलवाए जाने के पश्चात खोले गए रास्तों पर ग्रेवेल, सी.सी. रोड़ बनवाये जाने की कार्यवाही भी जल्द से जल्द अमल में लाने के निर्देश दिये हैं, इन निर्देशों की अनुपालना में अधिकांश स्थानों पर ग्रेवल रोड बनाने की कार्यवाही भी आरंभ की जा चुकी है। वहीं, जिन रास्तों के वाद न्यायालय में विचाराधीन है परिवादियों द्वारा संबंधित न्यायालय से ही अनुतोष प्राप्त किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में रास्तों की भूमि पर अतिक्रमण को लेकर जनसुनवाई के दौरान बड़ी संख्या में परिवाद प्राप्त होते हैं। रास्तों को लेकर न्यायालय में भी वाद दायर किए जाते रहते हैं। ऐसे प्रकरणों में निरन्तर बढ़ोतरी होने से आमजन को न्यायालय के चक्कर लगाने एवं जन-धन की हानि होने के साथ-साथ क्षेत्र की कानून व्यवस्था भी प्रभावित होती है।

## जागरूक खबरें

### आवासीय विद्यालयों के लिए प्रतिनियुक्ति पर कार्मिक लिये जाने वाला साक्षात्कार कार्यक्रम रद्द

**जयपुर @ जागरूक जनता।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के नियंत्राणाधीन राईस द्वारा संचालित आवासीय विद्यालयों के लिए प्रतिनियुक्ति पर कार्मिकों को लिये जाने के लिए होने वाले साक्षात्कार कार्यक्रम को अपरिहार्य कारणों से निरस्त कर दिया गया है। निदेशक एवं संयुक्त शासन सचिव बचनेश अग्रवाल ने आदेश जारी करते हुए बताया कि 10 मई को विज्ञप्ति जारी कर, रिक्त शैक्षणिक पदों को प्रतिनियुक्ति के माध्यम से भरने के लिए 27 मई से 6 जून तक साक्षात्कार आयोजित किया जाना निर्धारित था। उन्होंने बताया कि यह साक्षात्कार कार्यक्रम अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है।

### निगम ने दिया महेश नगर स्थित मोक्षधाम 20 वर्ष की अवधि तक लीज़ पर

**जयपुर @ जागरूक जनता।** नगर निगम ग्रेटर जयपुर क्षेत्राधिकार में महेश नगर स्थित मोक्षधाम के विकास, रखरखाव, जीर्णोद्धार, अत्याधुनिक सुविधा युक्त बनाने हेतु 20 वर्ष की अवधि के लिए लीज़ पर दिया गया है। महापौर डॉ. सौम्या गुर्जर ने जयपुर खंडेलवाल वैश्य समाज समन्वय समिति एवं गोमय परिवार एवं अंशदायी फाउंडेशन को अनापत्ति प्रमाण पत्र सौंपा। यह मोक्षधाम सर्वसमाज द्वारा उपयोग में लिया जा सकेगा। नि:शुल्क गौकाष्ठ के साथ-साथ इसे हरा-भरा भी बनाया जाएगा। महापौर ने बताया कि मोक्षधाम की व्यवस्थाओं में निश्चित रूप से सुधार होगा तथा उक्त संस्थाओं के मोक्षधाम के विकास, सुधार कार्यों को देखकर अन्य समाज, दानदाता भी प्रेरित होंगे।

5 जून तक आयोजित की जाऐंगी विभिन्न जन जागरूकता गतिविधियाँ

# विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर निगम ग्रेटर जोन स्तर पर विभिन्न कार्यक्रम करेगा आयोजित

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**जयपुर।** 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस 2025 मनाया जायेगा। "Ending Plastic Pollution Globally" थीम पर नगर निगम ग्रेटर द्वारा विभिन्न जागरूकता गतिविधियाँ आयोजित की जाएगी। जिसके तहत नगर निगम ग्रेटर के समस्त जोन, वार्डो, मुख्यमंत्री सद्भावना केन्द्रों, सार्वजनिक स्थलों, स्कूलों, पार्क आदि में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

इसी कड़ी में मंगलवार को समस्त जोन, स्कूल, सार्वजनिक स्थलों पर हरित शपथ, प्लास्टिक क्लीनिंग, जागरूकता ड्राइव का आयोजन किया गया। जिसमें नगर निगम ग्रेटर क्षेत्र से 2 हजार से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया साथ ही निगम के अधिकारी, कर्मचारी, पीआईयू टीम के सदस्य मौजूद रहे। इसके साथ ही मानसरोवर जोन के वार्ड संख्या 85 में स्थित वेस्ट टू वंडर पार्क में एक विशेष स्वच्छता, जागरूकता और श्रमदान अभियान आयोजित किया गया। इसके साथ ही वार्ड नं. 82 में स्थानीय नागरिकों को प्लास्टिक से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई तथा हरित शपथ भी दिलाई गई।

4 जून को समस्त वार्डो में जन जागरूकता अभियान तथा समस्त जोनों में डोर-टू-डोर पब्लिक आउटरीच प्रोग्राम व मुरलीपुरा जोन सब्जी मण्डी में कपड़े के थैलों का वितरण किया जाएगा।

5 जून को मुख्यमंत्री सद्भावना केन्द्रों (त्त्त् ब्मदजमत) पर आयोजित की जायेंगी वृहत् कलेक्शन ड्राइवः-

नगर निगम ग्रेटर के सभी जोनों में स्थित मुख्यमंत्री सद्भावना केन्द्रों में वृहत् कलेक्शन ड्राइव आयोजित की जाएगी। जिसमें आमजन भी इन केन्द्रों पर पहुँच कर अनुपयोगी सामान दान कर सकते हैं। 5 जून को नगर निगम ग्रेटर के 8 स्थायी मुख्यमंत्री सद्भावना केन्द्र जिनमें मुरलीपुरा जोन कार्यालय वार्ड नं. 16 में, विद्याधर नगर जोन कार्यालय अम्बाबाड़ी सर्किल के पास, पार्षद कार्यालय के पास वार्ड नं. 64 झोटवाड़ा जोन, पार्षद कार्यालय थड़ी मार्केट वार्ड नं. 75 मानसरोवर जोन, साँगानेर जोन कार्यालय वार्ड नं. 93, जगतपुरा फाटक रैन बसेरा वार्ड नं. 112 जगतपुरा जोन, नगर निगम ग्रेटर मुख्यालय एवं मालवीय नगर जोन कार्यालय वार्ड नं. 142 में वृहत् कलेक्शन ड्राइव आयोजित की जाएगी।

जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने की समीक्षा बैठक

# विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्ध घुमन्तु परिवारों के पुनर्वास संग बनेंगे घुमन्तु पहचान पत्र



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने जयपुर में विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्ध घुमन्तु श्रेणी के परिवारों के गुणवत्तापूर्ण पुनर्वास के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश जारी किये हैं। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्ध घुमन्तु समुदाय की कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा की। बैठक में जिला कलक्टर ने अधिकारियों को 5 से 20 जून की अवधि में अधिक से अधिक विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्ध घुमन्तु श्रेणी के प्रत्येक पात्र व्यक्ति को घुमन्तु पहचान पत्र जारी करने के लिए निर्देशित किया। वहीं, बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला कलक्टर ने अधिकारियों को विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्ध घुमन्तु श्रेणी के परिवारों के आधार कार्ड, जनाधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, वोटर आईडी कार्ड, मूल निवास प्रमाण पत्र सहित अन्य आधारभूत दस्तावेज एवं प्रमाण पत्र जारी करने के साथ-साथ पट्टे वितरित करने के निर्देश दिये। बैठक में जिला कलक्टर ने अधिकारियों को विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्ध घुमन्तु श्रेणी के परिवारों को डीटीएनटी आवास योजना से लाभांवित करने के लिए भी निर्देशित किया। बैठक में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद प्रतिभा वर्मा, अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रथम) विनीता सिंह, अतिरिक्त जिला कलक्टर (द्वितीय) अशीष कुमार, अतिरिक्त जिला कलक्टर (चतुर्थ) देवेन्द्र कुमार जैन, जिला रसद अधिकारी त्रिलोक चंद मीणा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक बी.पी. चंदेल, उपनिदेशक जितेन्द्र कुमार सेठी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



# वंदे गंगा जल संरक्षण- जन अभियान से बदलेगी जयपुर के जल स्रोतों की तस्वीर और तकदीर

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** गुरुवार 5 जून, को विश्व पर्यावरण दिवस एवं गंगा दशमी के अवसर पर प्रदेशव्यापी वंदे गंगा जल संरक्षण- जन अभियान का शुभारंभ होगा। राज्य सरकार ने 5 से 20 जून तक प्रदेशभर में वंदे गंगा जल संरक्षण-जन अभियान संचालित करने का फैसला किया है।

अभियान का शुभारम्भ मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कर कमलों से होगा। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने विभागीय अधिकारियों को अभियान को सफल बनाने एवंज जन-जन का अभियान बनाने के लिए आपसी समन्वय एवं सहयोग से अभियान की समस्त तैयारियां सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं। अभियान के तहत जिले के जल स्त्रोतों, नदियों, जलधाराओं एवं तालाबों पर जल पूजन, कलश यात्रा, जागरूकता कार्यक्रम व स्वच्छता अभियान, जल संग्रहण संरचनाओं का लोकार्पण और नई संरचनाओं के शिलान्यास जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। हर गांव और हर व्यक्ति को अभियान से जोड़ते हुए इसे जन आंदोलन का स्वरूप दिया जाएगा। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने जिले के भामाशाहों, जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, कार्मिकों और आमजन से अभियान को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया। मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद प्रतिभा वर्मा ने बताया कि ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज वन विभाग, जल संसाधन एवं अन्य विभागों के 56.49 करोड़ की लागत के 1778 कार्यों का लोकार्पण एवं अवलोकन किया जावेगा। शहरी क्षेत्र में गलता जी तीर्थ, जग्गा की बावडी, खनिया की बावड़ी एवं अन्य महव्वपूर्ण स्थानों पर श्रमदान, पौधारोपण तथा साफ सफाई का आयोजन किया जावेगा।

'दीया की पाठशाला' में छात्रों से दिल की बात

# देश का भविष्य रोशन करेगा यह उजियारा -दीया कुमारी

### उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने ली क्लास, कहा...

### सिर्फ प्रतिशत और अंकों के जाल में ही ना उलझे बच्चे

### स्पोर्ट्स, स्टार्टअप और नई विधाओं में भी है सुनहरा भविष्य

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी मंगलवार को विद्याधर नगर स्थित महात्मा गांधी सरकारी विद्यालय पहुँचीं, जहाँ उन्होंने कक्षा 10वीं और 12वीं के छात्र-छात्राओं से संवाद किया। यह कार्यक्रम केवल एक औपचारिक मुलाकात नहीं बल्कि एक प्रेरणादायक शिक्षण सत्र बन गया, जिसे बच्चों ने 'दिया की पाठशाला' नाम दिया। करीब एक घंटे तक चला यह संवाद सत्र हल्के-फुल्के अंदाज़ में शुरू हुआ, लेकिन जल्द ही गंभीर मुद्दों और भावनात्मक चर्चाओं का केंद्र बन गया।

#### उपमुख्यमंत्री ने बच्चों से पूछा

"**परीक्षा** खत्म हो गई है, रिजल्ट आ गया है, तो अब खुशी का माहौल है या अगली चुनौती का दबाव?"
छात्रों ने बेझिझक जवाब दिए- किसी ने आगे की पढ़ाई की चिंता जताई तो किसी ने कहा, "अब कोई दबाव नहीं, बस आगे बढ़ना है।"
दिया कुमारी ने पूछा कि क्या एग्ज़ाम का प्रेशर महसूस होता है, क्या पैरेंट्स अंकों को लेकर दबाव बनाते हैं?
यह भी पूछा कि-जिनके दोस्त प्राइवेट स्कूलों में पढ़ते हैं, क्या इससे फर्क महसूस होता है?
एक छात्रा ने उत्तर दिया, "अब सरकारी स्कूल भी किसी मायने में कम नहीं हैं, पढ़ाई का स्तर बहुत अच्छा हो गया है।"
मोबाइल और टीवी के इस्तेमाल पर चर्चा करते हुए एक छात्र ने मुस्कुराते हुए कहा, "फायदा तभी है जब सही चीज़ें देखें, वरना नुकसान ही है।"
इस दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर भी बात हुई। जब 'ऑपरेशन सिंदूर' का जिक्र आया, तो छात्रों ने भारतीय सैनिकों की बहादुरी को गर्व के साथ बताया। जब उपमुख्यमंत्री ने सोफिया कुरैशी और व्योमिका सिंह जैसी सैन्य अधिकारियों का ज़िक्र किया और पूछा कि क्या कोई लड़की मिलिट्री सर्विस में जाना चाहती है, तो कई छात्राओं ने आत्मविश्वास से हाथ खड़े किए।
राजनीति को लेकर भी उत्साही सवाल आया - "अगर आप राजनीति में आएंगे तो क्या बदलाव लाना चाहेंगे?"
इस पर छात्राओं ने जवाब दिया, "हम महिला सुरक्षा को मजबूत बनाना चाहेंगे ताकि कोई लड़की डरे नहीं, चाहे वह स्कूल जा रही हो, काम पर या अपने सपनों की ओर।"
जब 'मन की बात' कार्यक्रम की चर्चा आई तो कई छात्रों ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बातें उन्हें प्रेरित करती हैं, खासकर जब वे युवाओं को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। मन की बात कार्यक्रम में एग्ज़ाम फीवर से भी दूर रहने के उपाय प्रधानमंत्री ने बताए थे और वह पूरा एपिसोड क्लास में देखा था। उपमुख्यमंत्री ने भी प्रधानमंत्री की कार्यशैली की सराहना करते हुए कहा कि 2014 के बाद देश में शिक्षा, रोजगार और विकास की दिशा बदली है।
दिया कुमारी ने छात्रों को यह भी बताया कि सिर्फ प्रतिशत और अंकों के जाल में उलझना जरूरी नहीं, बल्कि खेल, स्टार्टअप और नई तकनीकी विधाओं में भी सुनहरा भविष्य है। उन्होंने यह भी कहा कि कम अंक आने पर भी निराश होने की जरूरत नहीं, क्योंकि कभी-कभी नियति हमें बेहतर राह दिखाने के लिए दिशा बदलती है। अंत में उन्होंने टॉपर्स और परीक्षा पास करने वाले छात्रों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए, और सभी विद्यार्थियों के स्वर्णिम भविष्य की कामना की। "निराशा जीवन नहीं है, दिल की आशा ही उम्मीद के नए शिखर तक ले जाती है।" इस संदेश के साथ दिया कुमारी ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। 'दिया की पाठशाला' संवाद नहीं, एक प्रेरणा बनी-जहाँ आत्मविश्वास, विचार और बदलाव की ऊर्जा हर चेहरे पर झलक रही थी।



विश्व पर्यावरण दिवस पर गंगादशमी का अनूठा संयोगः 'सबका श्रम-सबकी सहभागिता' की भावना के साथ जल स्वावलम्बन अभियान को बनाएं जन आंदोलन

# प्रदेश में कल से जल स्वावलम्बन पखवाड़ा, जल स्रोतों का होगा पूजन

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार जल एवं पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से नीतिगत निर्णय लेकर राजस्थान को स्वस्थ एवं स्वच्छ प्रदेश बनाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) के अवसर पर इस वर्ष गंगादशमी का अनूठा संयोग बना है। गंगादशमी की मान्यता को ध्यान में रखते हुए राज्य सरकार इस अवसर को जल स्वावलम्बन पखवाड़े के माध्यम से वर्षा जल के अधिक संग्रहण तथा जल स्रोतों के रख-रखाव एवं स्वच्छता के लिए व्यापक स्तर पर मनाने जा रही है। शर्मा ने मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित बैठक में निर्देश दिए कि जल स्वावलम्बन पखवाड़े में आयोजित होने वाली गतिविधियों में आमजन की पूर्ण सहभागिता सुनिश्चित हो तथा प्रत्येक गांव को इन गतिविधियों में जोड़ा जाएं ताकि यह एक जन आंदोलन का रूप ले सके।



### 5 जून से 20 जून तक मनाया जाएगा जल स्वावलम्बन पखवाड़ा

मुख्यमंत्री ने कहा कि 5 जून से 20 जून तक जल स्वावलम्बन पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस दौरान गंगा दशमी एवं विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में प्रत्येक ग्राम एवं शहर में समस्त विभागों द्वारा जल स्रोतों, नदियों, जल धाराओं एवं तालाबों पर पूजन कलश यात्रा, जागरूकता अभियान, स्वच्छता अभियान एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही, विभिन्न जल संग्रहण संरचनाओं का लोकार्पण एवं नई संरचनाओं का शुभारम्भ भी किया जाएगा। इसी तरह प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना की 10 नई जलग्रहण परियोजनाओं का शुभारम्भ भी होगा।

### जल संचयन बनें जन-अभियान

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'सबका श्रम-सबकी सहभागिता' की भावना के साथ जल स्वावलम्बन पखवाड़े में आयोजित होने वाली गतिविधियों की जागरूकता के लिए वृहद् स्तर पर प्रचार-प्रसार किया जाए तथा जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं एवं आमजन को सहभागिता के लिए प्रेरित किया जाए। साथ ही, उन्हें सरकारी संस्थाओं में दान करने एवं रेलवे स्टेशनों आदि पर यात्रियों एवं आमजन के लिए जल सेवा की व्यवस्था एवं पक्षियों के लिए परिंडे लगाने के लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भी ऐसी संस्थाओं एवं समाजसेवियों का सम्मान करते हुए उन्हें प्रोत्साहित करेगी। शर्मा ने कहा कि कर्मभूमि से मातृभूमि अभियान के अन्तर्गत भामाशाहों, प्रवासी राजस्थानियों के माध्यम से क्राउण्ड फण्डिंग द्वारा व कॉरपोरेट की सामाजिक जिम्मेदारी निधि के तहत रिचार्ज/जल संरक्षण संरचनाओं का निर्माण करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जल स्वावलम्बन पखवाड़े में पेयजल स्रोतों की सफाई मरम्मत, जल बचत हेतु जन जागरूकता अभियान सहित अन्य कार्यक्रम भी संचालित किए जाएंगे। उन्होंने इस दौरान अस्पतालों सहित सरकारी संस्थाओं में स्वच्छता संबंधी गतिविधियों एवं सीएसआर के जरिए जन भागीदारी बढ़ाने के भी निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान एवं हरियालो राजस्थान मिशन के अन्तर्गत प्रदेश ने पिछले वर्ष 7 करोड़ से अधिक पौधारोपण का रिकॉर्ड बनाया था। इस वर्ष भी 11 करोड़ पौधारोपण के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए आगामी मानसून सत्र में पौधारोपण की आवश्यक गतिविधियों की भी तैयारियां शुरू की जाएं।

### पर्यटन स्थलों पर हो योगाभ्यास का आयोजन

शर्मा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर विश्व भर में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। स्वास्थ्य की दृष्टि से योग का बड़ा महत्व है और राज्य सरकार ने योग को आमजन के जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने के क्रम में कई निर्णय लिए हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान का पर्यटन दुनियाभर में बेजोड़ है। इसलिए इस वर्ष के योग दिवस के आयोजन को प्रदेश की संस्कृति एवं धरोहर से जोड़ते हुए प्रत्येक संभाग व जिले के प्रमुख पर्यटन स्थलों पर योगाभ्यास का आयोजन सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही, ब्लॉक, ग्राम पंचायत, आयुष्मान आरोग्य मंदिर और सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों में भी योगाभ्यास का आयोजन किया जाए।



## राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के महानिदेशक ने की राज्यपाल से मुलाकात

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से मंगलवार को राजभवन में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग, दिल्ली के महानिदेशक भारतीय पुलिस सेवा के वरिष्ठ अधिकारी आर. पी. मीणा ने मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की गतिविधियों से भी राज्यपाल को अवगत कराया।

जनसुनवाई में अन्नदाता किसानों की समस्याओं का हो रहा त्वरित निस्तारण, किसानोन्मुखी सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ करने के लिए प्रतिबद्ध

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की संवेदनशीलता से किसानों को मिल रही राहत

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का मानना है कि दुग्ध उत्पादन ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। हमारी सरकार पशुपालकों के हितों को सर्वोपरि मानती है और उन्हें प्रोत्साहन देने के लिए प्रतिबद्ध है। दुग्ध उत्पादन से जहां न केवल ग्रामीण अंचल में रोजगार सृजन होता है बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलती है। मुख्यमंत्री स्वयं भी किसान रहे हैं ऐसे में वे किसानों और पशुपालकों के सामने आ रही परेशानियों को भली-भांति समझते हैं।

### लगभग साढ़े चार लाख किसान पशुपालक हुए लाभान्वित

जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ के सदस्यों को पिछले कुछ माह से मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना के तहत अनुदानित राशि का हस्तांतरण दुग्ध उत्पादकों के खाते में नहीं हो पा रहा था। संचालक मंडल के सदस्यों ने जनसुनवाई में मुख्यमंत्री के पास आकर अपनी पीड़ा बताई। मुख्यमंत्री ने इस पर त्वरित निर्णय लेते हुए अधिकारियों को किसानों को बकाया अनुदान का भुगतान करने के निर्देश दिए। लगभग 4.50 लाख किसान पशुपालक मुख्यमंत्री के इस निर्णय से लाभान्वित हुए। किसानों ने मुख्यमंत्री का आभार जताते हुए कहा कि किसान हितैषी भजनलाल जी हमारी सभी समस्याओं के समाधान के लिए तत्परता के साथ निर्णय लेते हैं।

राज्य सरकार द्वारा पेश किए गए बजटों में किसान-पशुपालक के लिए ऐसे समस्त प्रावधान किए गए हैं जिससे किसान भाई समृद्ध तथा सशक्त बन सकें। मुख्यमंत्री द्वारा की जा रही नियमित जनसुनवाई भी किसानों के लिए अपनी समस्या के समाधान का जरिया बन रही है। हजारों की संख्या में आमजन जनसुनवाई में अपनी फरियाद लेकर आते हैं तथा मुख्यमंत्री संवेदनशीलता से इनका त्वरित निस्तारण कर रहे हैं। जनसुनवाई में लोगों को स्वास्थ्य, पेंशन, शिक्षा, पेयजल, परिवहन सहित विभिन्न क्षेत्रों में प्रकरणों का मौके पर ही निस्तारण मिल रहा है। जनसुनवाई में मुख्यमंत्री का अधिकारियों को निर्देश है कि परिवादियों को जल्द से जल्द राहत दी जाए। साथ ही, प्रकरणों की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए परिवादियों को इसके बारे में सूचित भी किया जाए। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी।

उपमुख्यमंत्री ने मानसून की तैयारियों की समीक्षा की

# सड़कों को सुचारू रखें ताकि आमजन को परिवहन में बाधा न आये- दीया कुमारी

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**जयपुर।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को मानसून में अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि मानसून पूर्व ही सड़कों को संधारित रखने के लिए की जाने वाली सभी आवश्यक तैयारियाँ पूरी कर ली जाये ताकि बरसात के सीजन में परिवहन एवं यातायात व्यवस्था सुचारू एवं निर्बाध रहें। उपमुख्यमंत्री ने मंगलवार को निर्माण भवन में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए मानसून पूर्व की तैयारियो की समीक्षा की।

उपमुख्यमंत्री ने निर्देश दिए है कि जिन स्थानों पर पानी जमा होता है वहां कच्ची ड्रेन खोदकर पानी निकासी की व्यवस्था रखें और पानी जमा नही होने दे। इसके साथ ही यदि किसी सड़क मार्ग पर बरसात के कारण कटाव या खड्डे हो गये हो तो उन्हें प्रारम्भिक स्तर ही भरवा दे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि क्षतिग्रत पुलिया, रपट आदि की मरम्मत के लिए जो स्वीकृतियां जारी हो चुकी है उन कार्यो को जल्दी पूरा करवा ले। उन्होंने कहा है कि यदि बरसात के मौसम में कार्मिकों की लापरवाही से सड़क टूटने और यातायात बाधित होने की शिकायत मिलेगी तो संबंधितों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जायेगी। उपमुख्यमंत्री ने निर्देश दिए है कि अधिकारी सभी पुराने भवनों का निरीक्षण करें और जो भवन जर्जर हो चुके है उन्हें अनुपयोगी घोषित कर तुरंत प्रभाव से खाली करवायें। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि संबधित अधिकारी तत्काल प्रभाव से कंट्रोल रूम स्थापित करवाकर अति वर्षा व व बाढ जैसी स्थिति से निपटने की सभी आवश्यक तैयारिया पूरी कर ले। उपमुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश में जितने भी अटल पथ व अन्य सड़के बनायी जाये उनके साथ नाली बनाने का भी प्रावधान रखें ताकि जल भराव के कारण बार बार सड़क टूटने की समस्या से निजात मिल सकें।

### अब हर सप्ताह संभाग वार समीक्षा होगी

उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए है की प्रदेश की सड़क परियोजनाओं के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन के लिए इसी माह से हर सप्ताह संभागवार समीक्षा बैठक आयोजित की जाए। इस बैठक में उस संभाग की सभी सड़क परियोजनाओं, बजट घोषणाओं सहित सभी कामों की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। इस दौरान उन्होंने संभाग वार सड़क परियोजनाओं की प्रगति और मानसून की तैयारियो की समीक्षा की। इस अवसर पर विभाग के एसीएस प्रवीण गुप्ता, शासन सचिव डी आर मेघवाल, मुख्य अभियंता एवं अतिरिक्त सचिव टी सी गुप्ता सहित पीडब्ल्यूडी एवं एनएचएआई के अधिकारी एवं वीसी के माध्यम से संभाग एव जिलों के अधिकारी उपस्थित रहें।




## देवनानी ने रतन कंवर को दी श्रद्धांजलि

### विधानसभा अध्यक्ष ने लखावत के प्रति जताई संवेदना



**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी मंगलवार को नागौर जिले के टहला गांव पहुंचे। देवनानी ने राजस्थान धरोहर संरक्षण एवं प्रोन्नति प्राधिकरण के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत को ढांढस बंधाया और संवेदना व्यक्त की। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने लखावत की पत्नी रतन कंवर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। देवनानी ने कहा कि कंवर मृदुभाषी और सरल व्यक्तित्व की घनी थी। कंवर ने परिवार के प्रति अपने कर्त्तव्यों का सदैव निष्ठा के साथ निर्वहन किया। देवनानी ने दिवगंत आत्मा शांति और शोक संतप्त परिजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने के लिए परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना की।

# खाद के बाद अब नकली बीजों पर किरोड़ी की रेड, श्रीगंगानगर में फैक्टरियों पर दबिश, मचा हडकंप

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने मंगलवार को नकली बीजों की फैक्टरियों पर रेड मारी। श्रीगंगानगर में किरोड़ी मीणा की कार्रवाई के बाद हड़कंप मच गया। सूचना के अनुसार मंत्री मीणा ने वहां नकली बीज की दो फैक्टरियों को सीज करवाने की कार्रवाई की है। गौरतलब है कि इससे पहले मंत्री ने अजमेर, किशनगढ़ में 12 स्थानों पर छापेमारी कर भारी मात्रा में नकली खाद और मिलावटी कृषि उर्वरकों को जब्त किया था। जानकारी के अनुसार श्रीगंगानगर के रीको औद्योगिक क्षेत्र में मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने बीज भंडारों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान वहां काफी मात्रा में नकली बीज बरामद होने की जानकारी आ रही है। निरीक्षण के दौरान मीणा भी अधिकारियों के साथ रहे उन्होंने वहां बीजों के सैपलिंग की कार्रवाई करवाई। इस दौरान बिना लाइसेंस के भंडारण, बीजों की गुणवत्ता में खामी और फर्जी ब्रांडिंग के मामले भी सामने आए।

**बीजों पर लगा रहे थे रंगः** निरीक्षण के दौरान एक बीज फैक्टरी में बीजों को चमकाने के लिए लाल रंग से रंगा जा रहा था। जिससे बीज को चमकीला और उच्च क्वालिटी का बताया जा सके। एक फैक्टरी में कई महिलाएं बीजों को ब्रांडेड कट्टों में भरते हुए भी मिली। कार्रवाई के दौरान भारी मात्रा में नकली बीज को जब्त किया जाना बताया जा रहा है।

पशुपालन मंत्री ने किया लंपी रोग प्रतिरोधक टीकाकरण अभियान का शुभारंभ

# 1 करोड़ ग्यारह लाख गौवंशीय पशुओं का होगा टीकाकरण



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** पशुपालन, गोपालन और देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संवेदनशील मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार पशुओं के कल्याण के प्रति समर्पित होकर काम कर रही है। कुमावत सांगानेर स्थित पिंजरापोल गोशाला से लंपी रोग से बचाव के लिए राज्य स्तरीय टीकाकरण अभियान के शुभारंभ के अवसर पर बोल रहे थे। इस अवसर पर कुमावत ने कहा कि लंपी रोग पशुओं के लिए एक जानलेवा रोग है जो संक्रामक भी है। इससे मुख्य रूप से गोवंश प्रभावित होते हैं और पशुपालकों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ता है।

कुमावत ने कहा कि पिछले वर्ष भी दो माह के टीकाकरण अभियान के तहत राज्य की लगभग 95 प्रतिशत गौवंश का टीकाकरण किया गया था जिससे रोग को समय रहते नियंत्रित कर लिया गया था और गौवंश की हानि लगभग नही के बराबर हुई थी। वर्ष 2025-26 में 1 करोड़ 11 लाख 57 हजार गौवंशीय पशुओं के टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है। प्रारंभ में कुमावत ने गौवंश की पूजा कर उन्हें चारा खिलाया तथा गौशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने टीकाकरण दल को टीके का कैरियर भेंट किया। मौके पर ही दल के सदस्यों ने गौवंश का टीकाकरण किया। इस अवसर पर पशुपालन विभाग के निदेशक और आरएलडीबी के कार्यकारी अधिकारी डॉ आनंद सेजरा, पिंजरापोल गौशाला के महामंत्री शिवरतन चितलांगिया, मंत्री विवेक लड्ढ़ा पशुपालन विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ सुरेश मीना, डॉ.विकास शर्मा तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारी सहित गौशाला के कार्मिक उपस्थित थे।



## सम्पादकीय

# डर बेकार का

भारत और पाकिस्तान के बीच का हालिया टकराव किसी भी वक्त ऐसे मोड़ पर नहीं पहुंचा, जब परमाणु हथियारों के इस्तेमाल की नौबत आई हो - चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान का यह बयान आशंकाओं को दूर करने के साथ ही एटमी ताकत के रूप में नई दिल्ली की परिपक्वता और जिम्मेदारी के भाव को भी दिखाता है। ष्ठष्ठस् ने कहा कि दोनों देशों की सेनाओं ने तार्किक रुख अपनाया यानी उन्होंने पाकिस्तान को भी उसके हिस्से का श्रेय दिया, जो उनका बड़प्पन है।

***परमाणु हमले की विभीषिका दुनिया देख चुकी है। एक ही झटके में लाखों जिंदगियां तबाह हो गई थीं और आने वाली कई नस्लें दशकों तक वह दंश झेलती रहीं।***

भारत और पाकिस्तान के बीच जब भी तनाव बढ़ता है, तो पश्चिम की तरफ से सबसे पहली चिंता यही जताई जाती है कि अगर टकराव हुआ तो वह परमाणु युद्ध तक पहुंच सकता है। कारगिल से लेकर बालाकोट तक, अतीत में कई बार ऐसा हो चुका है। यहां तक कि कारगिल को लेकर कहानियां तक फैल चुकी हैं कि परमाणु युद्ध आसन्न था, पर अमेरिकी दखल से टल गया। इस बार भी अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप एटमी वॉर रुकवाने के लिए खुद से अपनी पीठ थपथपा रहे हैं। विडंबना है कि परमाणु हथियारों के इस्तेमाल का इकलौता कलंक अमेरिका के ही माथे है। पश्चिम का यह अंदेशा दरअसल भारत की क्षमताओं को कम करके आंकना है। परमाणु हथियार किसी भी युद्ध का अंतिम विकल्प हैं और उस सीमा पर पहुंचने से पहले कई सारे पड़ाव आते हैं। भारत ने वैसे भी 'नो फर्स्ट यूज' की नीति अपना रखी है यानी देश परमाणु हथियारों का पहले इस्तेमाल नहीं करेगा। किसी ऐसे मुल्क के खिलाफ भी भारत एटमी वेपन नहीं निकालेगा, जिसके पास परमाणु हथियार नहीं हैं। भारत ने यह ताकत हासिल की है सुरक्षा के लिए, आक्रामकता दिखाने और आक्रमण के लिए नहीं।

CDS ने इंटरव्यू में कहा कि सेना के लोग सबसे ज्यादा तर्कसंगत होते हैं, क्योंकि उन्हें परिणाम का पता है। इसका प्रत्यक्ष अनुभव ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हुआ था। पहलगाम आतंकी हमले को लेकर पूरा देश गुस्से से उबल रहा था, लेकिन तब भी भारतीय सेना ने जवाबी कार्रवाई में संयम बरता और केवल पाकिस्तान में मौजूद आतंकी ठिकानों को ही निशाना बनाया। पाकिस्तान की तरफ से उकसावे वाली कार्रवाइयों के बावजूद भारत के हम सटीक और नियंत्रित रहे। परमाणु हमले की विभीषिका दुनिया देख चुकी है। एक ही झटके में लाखों जिंदगियां तबाह हो गई थीं और आने वाली कई नस्लें दशकों तक वह दंश झेलती रहीं। हिरोशिमा और नागासाकी के साथ जो हुआ था, वह मानव समुदाय के लिए सबक है कि कोई भी युद्ध उस बिंदू तक नहीं पहुंचना चाहिए, जहां ऐसी नौबत आए।

# खुशहाल देश की खूबसूरत वादियां

**यात्रा वृतांत, भूटान से लौटकर**




मंजू माहेश्वरी
पत्रकार
@jagrukjanta.net

**दिलचस्प है यह जानना कि सकल राष्ट्रीय खुशी (जीएनएच) में भूटान दुनिया में आगे है। यहां खुशहाली का पैमाना जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) नहीं, बल्कि जीएनएच है। जीएनएच की इस अवधारणा को 1972 में भूटान के चौथे राजा ने लागू किया था। भूटान ने विकास से ज्यादा कुदरत को तरजीह दी है। जहां लोग कम संसाधनों में सादा जीवन व्यतीत करके भी बेहद खुश नजर आते हैं, ऐसे खुशहाल पड़ोसी देश की यात्रा किसी रोमांच से कम नहीं।**

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net

अगर कम बजट में विदेश यात्रा करना चाहते हैं, तो भूटान सबसे उत्तम जगह है। दक्षिण एशिया का एक छोटा-सा देश, जो उत्तर में चीन और दक्षिण में भारत के बीच पूर्वी हिमालय में स्थित है। भूटान और भारत सीमा साझा करते हैं, इसलिए सड़क मार्ग से भी कनेक्टिविटी है। चूंकि दुनिया का पहला कार्बन निगेटिव देश है भूटान। यानी भूटान जितना कार्बन रिलीज करता है, उससे कहीं ज्यादा अवशोषित करता है क्योंकि यहां का 70 फ़ीसदी हिस्सा हरे-भरे घने जंगल है। आखिर भूटान की खुशहाली का राज क्या है? खुली स्वच्छ नैसर्गिक आबोहवा या जीवन में संतुष्ट होने का सुकून! यहां शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा सरकार की ओर से सभी के लिए मुफ्त है। जाहिर है, तनाव रहित जीवन की इसमें खास भूमिका हो सकती है। सरकार का मानना है कि असली विकास वही है, जहां लोग खुश रहें। यहां विकास से ज्यादा खुशहाली, मानसिक स्वास्थ्य और क्वालिटी ऑफ लाइफ पर ध्यान दिया जाता है। यूं तो भूटान का मौसम हमेशा सुहाना रहता है। फिर भी यहां घूमने के लिए मार्च से मई और अक्टूबर से दिसंबर बेहतरीन सीजन हैं। मार्च से मई के बीच यहां ऑर्किड, बुरान्स और ब्लू पॉपी के रंग-बिरंगे फूलों से घाटी सुरम्य नजर आती है। अक्टूबर से दिसंबर के मध्य यहां कई स्थानीय उत्सव होते हैं। उस समय आप यहां नृत्य और मौज-मस्ती के साथ इनका आनंद ले सकते हैं।

अगर आप भूटान के लिए रेल मार्ग से जाना चाहते हैं, नई दिल्ली और मुख्य शहरों से न्यू जलपाईगुड़ी या हासिमोरा के लिए ट्रेन ले सकते हैं। यहां से जयगांव के लिए टैक्सी या बस मिलती है। जयगांव भारत का आखिरी गांव है। आप दिल्ली के अलावा कोलकाता, गुवाहाटी, बोधगया और बागडोगरा से पारो की अंतरराष्ट्रीय फ्लाइट ले सकते हैं। पारो भूटान में एकमात्र अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा है, जो पहाड़ों के बीच में होने से दुनिया के खतरनाक हवाई अड्डों में से एक माना जाता है। बजट कम हो, तो दिल्ली से बागडोगरा तक की फ्लाइट लेकर वहां से टैक्सी या बस से जयगांव पहुंच सकते हैं। जयगांव से सबसे पहले फुएन्त्शोलिंग पहुंचना होगा, जो भूटान का बॉर्डर के पास का शहर है। भूटान का प्रवेश द्वार अनूठी संस्कृति और परंपराओं को दर्शाता है। यहां आपको प्रवेश करते ही सीधे इमिग्रेशन ऑफिस में जाना होगा जहां आप अपना वोटर आईडी कार्ड या पासपोर्ट दिखाएं। आधार कार्ड यहां नहीं चलेगा। हां, वैसे भूटान के लिए वीजा और पासपोर्ट की जरूरत नहीं होती। फुएन्त्शोलिंग शहर आप बिना परमिट के भी घूम सकते हैं, पर आगे जाने के लिए भूटान में आपको प्रतिदिन का परमिट बनवाना पड़ेगा। घूमने की पहले से प्लानिंग कर लें ताकि परमिट कितने दिन का बनवाना है, ध्यान रहे। परमिट के लिए ₹1200 प्रतिदिन के हिसाब से प्रति व्यक्ति चार्ज लगता है, साथ में गाइड लेना भी अनिवार्य है,चाहे आप ग्रुप में हों या अकेले। साल 2020 से भूटान सरकार ने इसे अनिवार्य कर दिया है। पर्यटन भूटानी लोगों के लिए आय का दूसरा बड़ा स्रोत है। पहला, आय का जरिया हाइड्रो पावर बिजली है, जो भारत भी भूटान से खरीदता है। आपके फोन की भारतीय सिम यहां काम नहीं करेगी। आप चाहे तो परमिट के साथ-साथ यहां नई सिम ले सकते हैं या फिर होटल



के वाई-फाई से काम चला सकते हैं। फुएन्त्शोलिंग घूमने के बाद सबसे पहले राजधानी थिंफू या थिंपू की ओर प्रस्थान करते हैं। रास्ते में अच्छे व्यू प्वाइंट और झरनों पर आप गाड़ी रोक कर नजारों का आनंद लीजिए। भूटान की सुंदरता इन सुरम्य नजारों में ही बसी है। यह शहर रैदक या वांग छू नदी के तट पर 2648 मीटर की ऊंचाई पर पर्वत चोटियों के मध्य बसा है। भूटान का प्रमुख वाणिज्यिक केंद्र थिंपू स्थानीय परंपराओं और संस्कृति को समेटे है। आश्चर्य हुआ यह देखकर कि राजधानी थिंपू में कहीं भी ट्रैफिक लाइट नहीं है। बुद्ध डोरडेन्मा( बुद्ध पॉइंट) पर 169 फीट ऊंची बैठे हुए बुद्ध की शानदार प्रतिमा है, जो पूरे शहर से नजर आती है। मोतिथांग ताकिन प्रिजर्व में यहां के राष्ट्रीय पशु ताकिन को देखा जा सकता है, जो गाय और बकरी का मिला-जुला रूप लगता है। हालांकि यहां पर अन्य जानवरों में याक, हिरण, सांभर ही थे और पक्षी भी ना के बराबर। इसके अलावा ताशिचो द्ज़ोन्ग, सिंपली भूटान म्यूजियम, मेमोरियल चोर्टेन, नेशनल लाइब्रेरी, द फोक हैरिटेज म्यूजियम, चंगंगखा लखांग मंदिर, सेमटोखा द्ज़ोंग जाकर शहर की संस्कृति को रूबरू देख सकते हैं। पैलेस के पास अच्छा व्यू प्वाइंट बनता है। यहां के द्ज़ोन्ग (किले) ज्यादातर बौद्ध प्रशिक्षण केंद्र बन गए हैं या उनमें प्रशासनिक काम चलता है। यहां यह जानना भी जरूरी है कि भूटान में 75 फ़ीसदी लोग बौद्ध धर्म को मानते हैं, 23 प्रतिशत हिंदू हैं और बाकी दो प्रतिशत में अन्य आते हैं।

थिंपू से 70 किलोमीटर दूर पुनाखा को निकले, जो भूटान की पूर्व राजधानी थी। फो छू और मो छू नदियों के बीच बसा है पुनाखा। यहां से 21 किलोमीटर दूर ही दोचूला पास देखने के लिए रुके, जहां पहाड़ी के ऊपर 108 स्तूप बने हैं। यहां ऊंचाई पर इतनी शांति और सुकून है कि मन खुश हो जाएगा। चारों ओर हिमालयन रेंज के बीच कहीं आपके आस-पास बादल होंगे तो आपका मन मचलने लगेगा। आगे चले तो पुनाखा द्ज़ोन्ग खिले हुए बैंगनी जकरंदा पेड़ों से घिरा भूटान का सबसे बड़ा और प्रमुख बौद्ध मठ है। 1637 में इसका निर्माण किया गया। यहां की रंगीन वास्तु कला, चित्रांकन और स्थापत्य कला देखते ही मन मोह लेती है। यह पारंपरिक बौद्ध प्रतीकों और भित्ति चित्रों से सजा है और बुद्ध के जीवन को दर्शाता है। इसके बाद सस्पेंशन ब्रिज देख सकते हैं, जो दोनों ओर नदियों के बीच झूलता हुआ पुल है। इसे देखकर हमारे देश के ऋषिकेश के लक्ष्मण झूले की यादें ताजा हो गई। ट्रैकिंग चाहने वाले पुनाखा में रोप क्लाइंबिंग, माउंटेन बाइकिंग, रिवर राफ्टिंग कर सकते हैं।

अगले दिन पारो के लिए निकलना था, जो पारो छू और थिम्पू छू नदियों के संगम पर हिमालय पर्वत श्रृंखला की गोद में बसा है। यहां की सबसे प्रसिद्ध जगह है टाइगर नेस्ट (तकत्संग मठ)। यह 1692 में पहाड़ों को काटकर चट्टानों पर बनाया गया था। बौद्ध भिक्षुओं और उनके अनुयायियों के लिए यह पवित्र स्थल है। पत्थर और लकड़ी से बना यह मठ भूटानी और बौद्ध वास्तु कला का सुंदर प्रतीक है। 3000 फ़ीट की ऊंचाई से देवदार के वृक्षों के बीच मनमोहक कुदरती दृश्य देख कर आप ठगे से रह जाएंगे। पारो लाल चावल की खेती के लिए जाना जाता है। यहां का सुहाना मौसम घूमने वालों के लिए मुफीद है। यहां आप चेलेला दर्रा, किला गोएम्बा, रिंगपुंग द्ज़ोंग, ता द्ज़ोंग,किला गोंपा,ड्रैंग्ये गोम्बा, हा वैली, ,ड्रुकग्येल द्ज़ोन्ग, रिवर प्वाइंट , एयर व्यू प्वाइंट देख सकते हैं। नेशनल म्यूजियम पूरी तरह से लकड़ी से बना है, जहां पुराने हथियारों, बर्तन, चित्रकला, खेती के औजार से लेकर ज्वैलरी तक प्रदर्शित हैं।

अब कुछ इस अनोखे देश को भी जान लें। भूटान में लोकतांत्रिक संवैधानिक राजतंत्र है। राजा को यहां ईश्वर का दर्जा देते हैं। आपको दुकानों, होटलों सभी जगह दीवारों पर राजा, रानी और उनके परिवार के चित्र देखने को मिल जाएंगे। सेना को राजा देखता है और प्रधानमंत्री के पास प्रशासनिक कार्य हैं। हालांकि भूटान के पास न जल सेना है, न वायु सेना। किसी भी आक्र मण के लिए यह भारत की आर्मी पर निर्भर है। 1949 की भारत-भूटान संधि के तहत दोनों देशों ने एक दूसरे की सुरक्षा और सार्वभौमिकता के सम्मान का संकल्प लिया। इस समझौते के तहत आज भी इंडियन आर्मी भूटान की सुरक्षा में तैनात है। कुछ समय पहले महाकुंभ में भूटान के राजा जिग्मे वांगचुक प्रयागराज आए थे। यहां की करेंसी न्गुलट्रम है। अगर आप करेन्सी एक्सचेंज नहीं कराते, तो भारतीय नोट भी यहां आराम से चलते हैं। कहीं-कहीं 500 के नोट में दिक्कत आ सकती है, तो अपने पास 100-200 के नोट ज्यादा रखें। दोनों मुद्राओं का मूल्य समान है। यहां पुरुषों का पहनावा घुटनों तक होता है जो 'घो' कहलाता है, नीचे घुटनों तक लंबे मोजे और जूते होते हैं। महिलाओं के परिधान को 'किरा' कहते हैं। हालांकि यहां की मुख्य भाषा जोंगखा है, अन्य भाषाएं भी बोली जाती हैं, पर होटलों, दुकानों सभी पर लोग हिंदी भाषा समझते- बोलते हैं, इसलिए कोई समस्या नहीं आती।

यह भी जान लें कि भूटान दुनिया का आखिरी देश है, जहां 1999 में टीवी और इंटरनेट ने दस्तक दी। दरअसल, ऐसा जान-बूझकर किया गया था, क्योंकि यहां के लोगों को डर था कि कहीं पश्चिम के असर से वे अपनी समृद्ध संस्कृति और परम्पराओं को खो नहीं दें। यहाँ तक कि 1970 में पहली बार किसी विदेशी पर्यटक को यहां आने की इजाज़त दी गई थी। वन्य जीव और पर्यावरण संरक्षण के लिए भूटान के कानून सख्त हैं। जानवर का शिकार या उसे मारने पर लंबी कैद मिल सकती है। भूटान में पेड़ लगाना लोकप्रिय है। कई सालों से यहां प्लास्टिक पर प्रतिबंध है। इसका इस्तेमाल करने पर सजा हो सकती है। तंबाकू भी यहां निषेध है। हालांकि यहां के लोग पान के बहुत शौकीन होते हैं। इन मामलों में यह छोटा- सा देश बड़ी सीख देता है। भूटान में महिलाएं ज्यादा कामकाजी मिलेंगी। ज्यादातर होटल महिलाएं ही चलाती हैं। शादी के बाद ज्यादातर मामलों में दूल्हा दुल्हन के घर रहने जाता है यानी दूल्हे की विदाई होती है। हालांकि यह आपसी सहमति से ही तय होता है। *(ये लेखक के अपने विचार है)*

# कोमल मन पर भारी कठोर परवरिश

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



अमित बैजनाथ
पत्रकार
@jagrukjanta.net

हाल ही में पश्चिम बंगाल के पंसकुरा में 7वीं क्लास में पढ़ने वाले बच्चे ने इसलिए आत्महत्या कर ली, क्योंकि उसकी मां ने सबके सामने उसको डांट दिया था। बच्चा अपने पीछे एक सुसाइड नोट छोड़ गया है, जो झकझोर देने वाला है। अपने सुसाइड नोट में बच्चे ने लिखा था कि मां मैंने चोरी नहीं की। बच्चे के ये आखिरी शब्द दिल को झकझोर कर रख देने वाले हैं। दरअसल स्कूल में पढ़ने वाले 13 साल के कृष्णेंदु दास पर एक मिठाई की दुकान से चिप्स के तीन पैकेट चुराने का आरोप लगा था। मिठाई की ये दुकान गोसाईंबेर बाजार में एक सिविल वॉलंटियर शुभांकर दीक्षित की थी। स्थानीय लोगों का कहना है कि शुभांकर की गैरमौजूदगी में बच्चे ने दुकान से चिप्स के तीन पैकेट चुरा लिए थे।

दुकान मालिक ने बच्चे को दुकान से थोड़ी दूर चिप्स के पैकेट के साथ देखा, तो उसके पीछे दौड़ पड़ा। उससे चोरी के बारे में पूछताछ की गई। उसने दुकानदार को पांच रुपए के हिसाब से तीन चिप्स के पैकेट के 15 रुपए दे दिए। इसके बाद भी दुकानदार नहीं माना। वह पैसे लौटाने के बहाने बच्चे को वापस दुकान पर ले गया और उसको मारा-पीटा। इतना ही नहीं, दुकानदार ने बच्चे से सार्वजनिक रूप से माफी भी मंगवाई। बच्चे के साथ ये सब अभी हुआ ही था कि उसकी मां को जैसे ही इस बारे में पता चला, वह भी उसे फिर से उसी मिठाई की दुकान पर लेकर गई और सबके सामने डांटा। इस बात से 13 साल का लड़का इस कदर आहत हो गया कि घर लौटते ही उसने कीटनाशक पीकर आत्महत्या करने की कोशिश की। गंभीर हालत में उसे तुरंत तामलुक मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

पुलिस का कहना है कि बच्चे के कमरे से एक सुसाइड नोट बरामद किया गया है। इसमें कृष्णेंदु ने आत्महत्या करने से पहले अपनी नोटबुक में लिखा है कि मां मैंने कुरकुरे नहीं चुराए। मुझे वो सड़क पर पड़े मिले थे। मैंने चोरी नहीं की है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि मिठाई दुकानदार के बर्ताव की वजह से बच्चा ऐसा खौफनाक कदम उठाने को मजबूर हो गया। तब से दुकान मालिक फरार है। परिवार इस बात को भी मान रहा है कि मां के सार्वजनिक रूप से डांटे जाने का भी बच्चे के मन पर गहरा असर हुआ। मां की डांट से बच्चा बहुत दुखी था। यह डांट उसके मन में घर कर गई। वह इस तरह के व्यवहार को सहन नहीं कर सका।

असल में यह घटना उन मां-बाप के लिए किसी सबक से कम नहीं है, जो बात-बात पर सबके सामने अपने बच्चों को बुरी तरह डांट देते हैं, क्योंकि उम्र के इस पड़ाव में बच्चे बहुत ही कोमल और संवेदनशील होते हैं। वह हर बात को अपनी बेइज्जती से जोड़ लेते हैं। कई बार वह ऐसा कदम उठा लेते हैं, जिसके बाद पछताने के अलावा कोई और रास्ता परिवार के पास भी नहीं होता, इसलिए माता-पिता को बच्चों के साथ पेश आने में बहुत ही सतर्कता बरतनी चाहिए। किसी भी बात पर उनको समझाएं, न कि सबके सामने उन्हें डांटें। अगर डांटना बहुत जरूरी है, तो अकेले में ही डांटें। सबके सामने ऐसा करने से बचें, ताकि उनको बेइज्जती महसूस न हो। चाइल्ड एक्सपर्ट का कहना है कि आज के दौर में बच्चों की परवरिश करना बिल्कुल भी आसान नहीं है। उन्हें अच्छे या बुरे की अहमियत समझाना बहुत जरूरी है, लेकिन प्यार और अपनेपन के साथ। हर बात पर उन्हें डांटना या पीटना ठीक नहीं है। कुछ एक्सपर्ट कहते हैं कि माता-पिता बच्चों को नहीं डांटें तो वे मनमानी करते हैं और अगर डांटें तो बच्चे दिल पर ले लेते हैं। ऐसे में बड़ा सवाल ये है कि मां-बाप बच्चों को कैसे समझाएं, क्योंकि बच्चों का मन बहुत ही कोमल होता है। छोटी-छोटी बातों का उनके मन पर गहरा असर होता है। अगर सबके सामने उनको डांट दिया जाए, तो वे इसे अपनी बेइज्जती समझ लेते हैं। आहत होकर कई बार वह गलत कदम उठा लेते हैं। असल में परिवार को अब इस बात को समझना होगा कि बदलते माहौल में बच्चों की परवरिश यदि उसके अनुसार न हो, तो उसके परिणाम गंभीर होते हैं।

**आखर आखर - झरे उजियार**

# ज्ञान और भक्ति से मानव मंगल की दिशा में उड़ान सम्भव

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



गोपाल प्रभाकर
पत्रकार
@jagrukjanta.net

**विश्वयुद्ध** के बाद फ्रांसीसी दार्शनिक देकार्ते का संदेह का दर्शन सामने आया। उनका मंतव्य था कि संदेह से ज्ञान की यात्रा सम्भव है। एक बार उससे किसी ने सवाल किया क्या ऐसी कोई चीज़ भी है, जिस पर आपको संदेह न हो। देकार्ते का जवाब था, हां है। मैं हूँ, इसमें कोई संशय नहीं है। क्योंकि मैं संदेह करने वाला हूँ। जो संदेह करता है, उसके अस्तित्व पर संदेह कैसे हो सकता है।

पश्चिम की तरह भारतीय चिंतकों में भी अस्तित्ववाद चर्चा में आया।अस्ति का अर्थ है, है.. होने का भाव। जो है उसे नकारा नहीं जा सकता।

भारतीय ज्ञान योग कहता है कि जहां जहां तक नज़र पड़ेगी,वहां वहां परमात्मा ही दिखाई देगा, ये निश्चय ही ज्ञान है।

संत कवि तुलसीदास ने सही कहा था
सियाराम मय सब जग जानी। करहु
प्रणाम जोरी जुग पानी।

ज्ञान और भक्ति परस्पर नितांत आवश्यक है।ज्ञान बिना भक्ति अधूरी और भक्ति बिना ज्ञान अपूर्ण है।भक्ति के बिना ज्ञान लँगड़ा है और ज्ञान के बिना भक्ति नेत्रहीन है। डोंगरे जी महाराज कहते थे कि शांति की बातें करने वाले ज्ञानी का दिमाग ठंडी चाय के मिलते ही गर्म हो जाय तो क्या वो ज्ञानी कहलाने का अधिकारी है? वो कहा करते थे ज्ञानी बनना कठिन है, प्रभु प्रेमी बनना कठिन है, फिर भी ज्ञान एवं भक्ति दोनों ही समान रूप से श्रेष्ठ है। ज्ञान बुरा नहीं है, ज्ञान का अभिमान बुरा है। ज्ञानी उद्धव गोपियों को ज्ञान देने आए थे, लेकिन गोपियों की प्रेम भक्ति के आगे उनकी एक न चली..

उधौ, मन नहीं दस बीस
एक हुतो सो गयो श्याम संग..
को आराधै ईस ?

यहां अभिमान भरे ज्ञान पर भक्ति की विजय हुई है।

भक्ति भाव अनवरत चल सकता है। प्रभु सुमिरन चलते, उठते, बैठते यात्रा करते हर समय सम्भव है। मन में याद की अविरल धारा बहती रहे, मालिक को याद करने में कोई हर्ज़ नहीं है। प्रत्येक कार्य में प्रभु की मौजूदगी का एहसास होता रहना चाहिए। ऐसा आचरण ही भक्तिमय हो जाएगा।

सचमुच, ज्ञान और भक्ति के दो पँखों से मानव मंगल की उड़ान सम्भव है। इसी पथ पर चल कर युद्ध की संभावनाओं को टाल कर विश्वप्रेम जगाया जा सकता है।

*(ये लेखक के अपने विचार है)*

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज।।

### सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव



एक का अग्नि देव से, एक का पितृगण से और तेरह का धर्म से विवाह हुआ। धर्म सी एक पत्नी मूर्ति से भगवान नर-नारायण जन्मे। धर्म की बाकी बारह पत्नियों के नाम हैं-श्रद्धा, मैत्री, दया, शांति, तुष्टि, पुष्टि, क्रिया, उन्नति, बुद्धि, मेधा, तितिक्षा और ह्रीं। एक जगह वर्णन है दक्षपुत्री दिति का विवाह मरीचिनन्दन कश्यपजी से हुआ था, जिसके गर्भ से दो जुड़वां पुत्र महादैत्य हिरण्य कश्यपु और हिरण्याक्ष जन्मे।

**मनुष्येतर सृष्टि:**

**सत्वप्रधान:** ब्रह्माजी, उनके पुत्र देवर्षि नारद, सनकादि चार ऋषि, राजर्षि मनु, प्रजापति आदि। शिव उनकते भूतगण आदि। इन्द्र उनके साथ समस्त देवता, उनचास रुद्गण आदि, द्वादश आदित्य, आठ वसु, ग्यारह रुद्र, अश्विनी कुमार, ऋभु, ऋषि, विश्वेदेव, साध्यगण, गंधर्व, अप्सरा, नाग, सिद्ध, चारण, गुह्यक, पितर, विद्याधर आदि।

**रजोगुण तमोगुण प्रधान-** दैत्य, दानव, असुर, राक्षस, पिशाच, भूत, यक्ष आदि। उपरोक्त देव सर्ग, मानवी और मनुष्येतर सृष्टि रचना का जो वर्णन है वह एक सर्ग का है। कालचक्र के अनुसार सर्ग के प्रारंभ में सृष्टि की उत्पत्ति और अंत में प्रलय होते हैं। हर सर्ग में अलग-अग मन्वन्तर और चतुर्युगी (सत्य युग, त्रेतायुग, द्वापर युग और कलियुग) होती है। **क्रमशः**

**ओपिनियन**

# इकॉनामी से आ रहे खुशनुमा संकेत

» जागरूक जनता
jagrukjanta.net



दिलीप शर्मा
पत्रकार
@jagrukjanta.net

गत सप्ताह जारी राष्ट्रीय लेखा आंकड़ों ने अधिकांश अर्थशास्त्रियों को सकारात्मक रूप से चौंकाया। वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी वास्तविक अर्थों में 6.5 फीसदी बढ़ी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने भी अपने दूसरे अग्रिम अनुमानों में इसके इसी स्तर पर रहने की बात कही थी। दूसरी तिमाही में वृद्धि दर के 6 फीसदी से नीचे रहने के कारण चिंता की स्थिति बनी। बहरहाल, अर्थव्यवस्था वर्ष की दूसरी छमाही में बेहतर स्थिति में आ गई। खासतौर पर अंतिम तिमाही में। चौथी तिमाही के दौरान सकल मूल्यवर्धन 6.8 फीसदी रहा और इसमें कृषि, विनिर्माण और सेवा जैसे क्षेत्रों का योगदान रहा। विनिर्माण क्षेत्र इस तिमाही में भी केवल 4.5 फीसदी की दर से बढ़ा।


मांग की बात करें तो पूरे साल के दौरान निजी अंतिम खपत व्यय 7.2 फीसदी बढ़ा जबकि इससे पिछले साल यह 5.6 फीसदी बढ़ी थी। निवेश में केवल 7.1 फीसदी का इजाफा हुआ जबकि इससे पिछली तिमाही में यह 8.8 फीसदी बढ़ा था। वर्ष की शुरुआत धीमी निवेश गतिविधि से हुई लेकिन दूसरी छमाही में इसने गति पकड़ ली। यह सही है कि वृद्धि 6.5 फीसदी रही लेकिन यह भी ध्यान देने लायक है कि यह 2023-24 के 9.2 फीसदी के




मुकाबले काफी कम है। इसके अलावा 2021-22 में कोविड-19 महामारी की शुरुआत के बाद से इस वर्ष विस्तार की गति सबसे धीमी रही। वर्ष के दौरान कई अर्थशास्त्री कह चुके हैं कि महामारी के झटके से उबरने के बाद वृद्धि सामान्य स्तर पर लौट आई है। चालू वर्ष के लिए कृषि क्षेत्र से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद है। मॉनसून जल्दी आ गया है और बारिश के सामान्य से बेहतर रहने की उम्मीद है। उच्च कृषि उत्पादन न केवल वृद्धि में सीधा योगदान करेगा बल्कि ग्रामीण आय में भी इजाफा करेगा। इससे मांग को समर्थन मिलेगा। कुल मिलाकर निजी खपत में सुधार के संकेत हैं लेकिन यह देखने की बात होगी कि यह टिकाऊ है या नहीं। चाहे जो भी हो, उच्च कृषि उत्पादन और कम खाद्य मुद्रास्फीति मौद्रिक नीति समिति यानी एमपीसी को नीतिगत राहत का अवसर देंगे।

विश्लेषकों का अनुमान है कि एमपीसी मौजूदा चक्र में नीतिगत ब्याज दरों में 50 से 100 आधार अंकों की और कटौती करेगी। वास्तविक कमी इस बात पर निर्भर करेगी कि एमपीसी आने वाली तिमाहियों में मुद्रास्फीति में किस प्रकार के उभार की उम्मीद करती है और संभावित वृद्धि को लेकर क्या अनुमान लगाती है। अगर मुद्रास्फीति के परिणाम लक्ष्य के करीब रहते हैं तो एमपीसी शायद नीतिगत समायोजन के साथ वृद्धि को गति दे। बहरहाल, काफी कुछ इस बात पर भी निर्भर करेगा कि बाहरी माहौल क्या करवट लेता है? अमेरिका और अन्य जगहों पर उच्च बॉन्ड प्रतिफल भी एमपीसी के विकल्पों को प्रभावित कर सकते हैं। वास्तव में बाहरी वित्तीय और आर्थिक अनिश्चितताएं भारतीय अर्थव्यवस्था को कई प्रकार से प्रभावित करेंगी। अमेरिका की एक अदालत ने डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा आपात उपायों का इस्तेमाल करके लगाए गए उच्च शुल्कों पर रोक लगाने का निर्णय दिया है। बहरहाल, एक अन्य अदालत ने उन्हें अस्थायी राहत प्रदान की है। इस बीच ट्रंप ने स्टील और एल्युमीनियम पर शुल्क दोगुना करने की घोषणा की है। ट्रंप प्रशासन के कदमों से उत्पन्न वैश्विक व्यापार और आर्थिक अनिश्चितता जारी रह सकती है। इस बीच विभिन्न देश अमेरिका के साथ व्यापार समझौतों पर चर्चा करेंगे। इस बात की संभावना नहीं है कि ट्रंप अपनी टैरिफ योजना को त्यागेंगे। ऐसे में कानूनी जटिलताएं अनिश्चितता में और इजाफा करेंगी। ऐसे हालात में निर्यात और निवेश पर असर हो सकता है। इसका असर वृद्धि पर भी पड़ेगा। गत सप्ताह के आंकड़े यह भी बताते हैं कि सरकार गत वित्त वर्ष के राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को हासिल करने में कामयाब रही। इस वर्ष भी उससे यही उम्मीद है।

**जागरूक जनता Selfie विद पौत्र**



मनदीप सिंह पौत्र राजेन्द्र सिंह, कोटपुतली

**हमे भेजे**

आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद सन/डॉटर भेज सकते हैं।

jagrukjantanews@gmail.com

सम्पर्क करें : 9829329070, 9928022718

# पंचांग





ज्योतिर्विद्
अक्षय शास्त्री
साकेत पंचांग, अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

**जागरूक जनता पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया**

## सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

**बुधवार, 04/06/2025**

**सूर्योदय :** 05:36 **सूर्यास्त :** 19:13 **चन्द्रोदय :** 13:22 **चन्द्रास्त :** 01:11 **शक सम्वत :** 1947 विश्वावसु **विक्रम संवत् :** 2082 कालयुक्त **अमान्ता महीना :** ज्येष्ठ **पूर्णिमांत :** ज्येष्ठ **सूर्य राशि :** वृषभ **चन्द्र राशि :** सिंह **पक्ष :** शुक्ल **तिथि :** नवमी, 23:56 तक **वार :** बुधवार **द्रिक-वैदिक ऋतु :** ग्रीष्म **द्रिक-वैदिक अयन :** उत्तरायण

## नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र :** उत्तर फाल्गुनी, 27:31 तक
**योग :** वज्र, 08:24 तक
**प्रथम करण :** बालवा, 10:53 तक
**द्वितिय करण :** कौवाला, 23:56 तक

## शुभ समय

| | |
|---|---|
| ब्रह्म मुहूर्त | 04:02 ए एम से |
| प्रातः सन्ध्या | 04:22 ए एम से |
| विजय मुहूर्त | 02:38 पी एम से |
| गोधूलि मुहूर्त | 07:15 पी एम से |
| सायाह्न सन्ध्या | 07:16 पी एम से |
| अमृत काल | 07:36 पी एम से |
| निशिता मुहूर्त | 11:59 पी एम से |
| सर्वार्थ सिद्धि योग | 3:35 ए एम, जून 5 से |
| रवि योग | पूरे दिन |

### निवास और शूल

दिशा शूल : उत्तर में
राहु काल वास दक्षिण-पश्चिम में
नक्षत्र शूल : उत्तर
कुंभ चक्र: दक्षिण-पश्चिम

## चौघड़िया

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया |
|---|---|---|
| लाभ | : 05:35 - 07:18 | उद्वेग : 19:12 - 20:30 |
| अमृत | : 07:18 - 09:00 | शुभ : 20:30 - 21:48 |
| काल काल वेला | : 09:00 - 10:42 | अमृत : 21:48 - 23:06 |
| शुभ | : 10:42 - 12:24 | चर : 23:06 - 00:24 |
| रोग वार वेला | : 12:24 - 14:06 | रोग : 00:24 - 01:42 |
| उद्वेग | : 14:06 - 15:48 | काल : 01:42 - 03:00 |
| चर | : 15:48 - 17:30 | लाभ : 03:00 - 04:17 |
| लाभ | : 17:30 - 19:12 | उद्वेग : 04:17 - 05:35 |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

## आज नवमी

### आज कौन सा कार्य करें

नवमी रिक्ता तिथि है इसलिए इस दिन कोई भी नया, मांगलिक कार्य वर्जित है।

## बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।

**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋत्य दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।

**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट :** शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

# राशिफल

ज्येष्ठ, शुक्ल, नवमी, 2082 बुधवार, 4 जून - 10 जून, 2025

**मेष** [चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ]
लम्बित मामलों के परिणाम आपके पक्ष में होने की सम्भावना है। व्यवसाय में सहयोगी आपके कार्यों से प्रसन्न रहेंगे। निर्माण कार्यों में आपको सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ बदलाव कर सकते हैं।

**तुला** [रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते]
**संतान** से पुराने मतभेद उभरने से पारिवारिक वातावरण अशान्त होगा। आर्थिक स्थिति बिगड़ने से कर्ज लेना पड़ सकता है। कार्य क्षेत्र पर आरंभिक बिक्री के बाद आज उदासीनता छायी रहेगी।

**वृषभ** [ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो]
व्यापार में जिम्मेदारियाँ बढ़ सकती है। आपकी कर्तव्यनिष्ठा की प्रशन्सा होगी। मित्रों का सहयोग लेना हितकारी होगा। जो लोग आपके विरुद्ध थे, वे अचानक आपके पक्ष में आ सकते हैं।

**वृश्चिक** [तो,ना,नी, नू,या,यी,यू]
**नौकरी** पेशाओ को अतिरिक्त कार्य मिलने से असुविधा होगी काम लापरवाही से करेंगे। मित्रो के साथ बाहर घूमने का अवसर मिलेगा। ससुराल से लाभ होगा। पारिवारिक दायित्व बढ़ने से व्यस्तता रहेगी।

**मिथुन** [क, की,कु,घ, ङ,छ,के,को,ह]
विदेश में कार्यरत लोगों को सम्मान मिल सकता है। व्यवसाय में रुके हुये कार्यों में सफलता मिलेगी। जॉब में बदलाव करने का विचार बनायेंगे। प्रेम सम्बन्धों में कुछ प्रतिकूलता रहेगी।

**धनु** [ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे]
नौकरीपेशा जातको को मेहनत का फल मिलेगा। विरोधियो पर विजय प्राप्त करेंगे। शुभ समाचार मिलने से मन प्रसन्न रहेगा। साहित्यकार, लेखक एवं पत्रकारों के लिए सप्ताह विशेष लाभदायक रहेगा।

**कर्क** [हि, हु, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो]
कार्य क्षेत्र या घर में परिवर्तन अथवा साज सज्जा में बदलाव भी कर सकते है समाज के प्रतिष्ठित लोगो से सम्मान मिलेगा लेकिन आर्थिक लाभ थोड़ा विलम्ब से होगा। दाम्पत्य सुख उत्तम रहेगा।

**मकर** [भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,]
**परिजनों** के साथ मित्रवत व्यवहार रहेगा। पारिवारिक दायित्वों की पूर्ति के कारण खर्च बढ़ने से असहज अनुभव करेंगे। उधार से बचे। सेहत ठीक रहेगी। आलस्य का वातावरण रहेगा।

**सिंह** [मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे]
**व्यवहार** कुशलता व संतोषि स्वभाव से सम्मानित होंगे। उधारी वसूलने में परेशानी आ सकती है। घर में मेहमानों के आने से वातावरण आनंदित होगा। पारिवारिक खर्च बढ़ने से परेशानी भी होगी।

**कुंभ** [गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा]
**नए** कार्यो का आरंभ आज ना करें ना ही किसी को उधार दें। इसके बाद परिवार के सदस्यों का सहयोग मिलने लगेगा लेकिन घरेलू आवश्यकताओं को नजरअंदाज करने से अशांति बढ़ेगी।

**कन्या** [टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो]
**मित्र** परिजनों के साथ ज्यादा समय बिताना पसंद करेंगे। फिजूल खर्ची से बचें। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा रहने से सप्ताह उत्साह पूर्ण रहेगा।

**मीन** [दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, चि]
**आर्थिक** लाभ के लिए अधिक प्रयत्न करना पड़ेगा मध्यान के समय किसी मनोकामना की पूर्ति होने से प्रसन्न रहेंगे।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

---

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा का राजस्व वसूली और वैध खनन को प्रोत्साहित करने पर जोर

# राजस्व लक्ष्य प्राप्ति में कोई छीजत, कोताही बर्दाश्त नहीं- रविकान्त

## अप्रेल मई में 1306 करोड़ 44 लाख का राजस्व अर्जित

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**जयपुर।** खान एवं भूविज्ञान विभाग के प्रमुख सचिव टी. रविकान्त ने कहा है कि राजस्व लक्ष्यों की शतप्रतिशत प्राप्ति विभागीय अधिकारियों की पहली प्राथमिकता है। राजस्व वसूली में किसी भी स्तर पर किसी तरह की छीजत और कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। विभागीय अधिकारियों की वर्चुअल बैठक को संबोधित करते हुए रविकान्त ने बताया कि खान विभाग द्वारा वित्तीय वर्ष के शुरुआती दो माह में 1306 करोड़ 44 लाख रुपए का राजस्व अर्जित किया गया है जो गत वित्तीय वर्ष की इसी अवधि से 57 करोड़ 71 लाख रुपए अधिक है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा खान विभाग के राजस्व लक्ष्यों की वसूली पर विशेष ध्यान देने और अवैध खनन गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए जाते रहे हैं।

प्रमुख सचिव टी. रविकान्त ने कहा कि अवैध खनन गतिविधियों के दौरान विभाग द्वारा लगाई जा रही शास्ति राशि की वसूली भी उसी सख्ती से सुनिश्चित की जाए ताकि अवैध गतिविधि करने से हतोत्साहित किया जा सके। उन्होंने खान विभाग के अधिकारियों की फील्ड में प्रभावी प्रजेन्स की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इससे सरकार और खनन क्षेत्र से जुड़े लोगों के बीच बेहतर समन्वय, अवैध गतिविधियों पर रोक व राजस्व और रोजगार की बढ़ोतरी होगी। हमारा उद्देश्य प्रदेश में वैध खनन को प्रोत्साहित करना और राजस्व व रोजगार के नए अवसर विकसित करना है।

रविकान्त ने जब्त खनिजों की नीलामी और जब्त वाहनों को राजसात करने के निर्देश दिए। राइजिंग राजस्थान के दौरान हुए एमओयू की चर्चा करते हुए उन्होंने अधिकारियों से एमओयू धारकों से संबंधित खनि अधिकारियों को समन्वय बनाने और धरातल पर लाने में सहयोग के निर्देश दिए। उन्होंने न्यायालयों में विचाराधीन प्रकरणों में समय पर जबावदावा प्रस्तुत करने, निर्णित मामलों में पालना सुनिश्चित करने और मुख्यमंत्री कार्यालय सहित प्राप्त प्रकरणों पर तत्काल कार्रवाई करने को कहा। निदेशक माइंस दीपक तंवर ने कहा कि फील्ड अधिकारियों के विजिलेंट रहने से अवैध गतिविधियों पर अंकुश संभव है। उन्होंने फील्ड स्तर पर बकाया प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।

वर्चुअल बैठक में खान विभाग के अतिरिक्त निदेशक, एसएमई, एमई एएमई, वित्तीय सलाहकार के साथ ही संयुक्त सचिव श्रीमती आशु चौधरी, ओएसडी श्रीकृष्ण शर्मा, एसजी सचिवालय सुनील कुमार वर्मा, एसजी जयपुर संजय सक्सेना, जेएलआर गजेन्द्र सिंह सहित विभागीय अधिकारियों ने हिस्सा लिया।

# सामूहिक शिव पार्थिव महारुद्राभिषेक कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** विराज फाउंडेशन के तत्वावधान में 13 जुलाई (रविवार) को करणी वाटिका मैरिज गार्डन, मोरीजा में आयोजित होने वाले सामूहिक शिव पार्थिव महारुद्राभिषेक कार्यक्रम के पोस्टर का भव्य विमोचन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार एस.डी. मिश्रा ने पोस्टर का अनावरण करते हुए कहा कि "ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में आध्यात्मिक चेतना के साथ-साथ समरसता और सद्भाव को भी बढ़ावा देते हैं।" उन्होंने आयोजकों की सराहना करते हुए इसे एक प्रेरणादायी पहल बताया। कार्यक्रम में विराज फाउंडेशन के प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाड़ी, संतश्री मेहरदास बाबा ट्रस्ट अध्यक्ष लोकचंद हरीरामानी, समाजसेवी नगेंद्र वशिष्ठ, गोपाल शर्मा, ज्ञानेन्द्र मिश्रा, कन्हैया लाल लखवानी, शशि हरिरामानी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने आगामी धार्मिक आयोजन की सफलता की कामना की।

# कारगिल विजय दिवस एंव वैश्विक शान्ति सम्मेलन 26 जुलाई को

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच एवं इण्डो-नेपाल समरसता ऑर्गेनाईजेशन के संयुक्त तत्वाधान में दिनांक 26 जुलाई 2025 को कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य मे भारतीय सैनिको के सम्मान में राजस्थान कि राजधानी जयपुर शहर में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है। अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच के सरंक्षक नेपाल राष्ट्र के प्रथम उपराष्टपति न्यायमूर्ति परमानन्द झा के सानिध्य में कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। मंच के मुख्य सलाहकार डॉ. कुलदीप प्रसाद शर्मा एडवोकेट राजस्थान उच्च न्यायालय जयपुर ने बताया कि समरसता मंच द्वारा पहली बार कारगिल विजय दिवस, कारगिल युद्ध में लड़ने वाले सैनिको के सम्मान में आयोजित किया जा रहा है। कारगिल युद्ध में 20000 भारतीय फौज ने अपने सैनिको को आपरेशन विजय में शामिल कर दुश्मन को भारत की प्रतिष्ठा, भारत की शक्ति का परिचय दिया था। इस आपरेशन विजय में 527 सैनिक ने भारत की प्रतिष्ठा, भारत की शक्ति, भारत के पंचशील सिद्धान्तो को वैश्विक स्तर पर बढाने के लिए भारत की प्रतिष्ठा की रक्षा करते हुये अपने प्राणो को आहूत कर देश के लिये शहीद हो गये भारत की प्रतिष्ठा की रक्षा करने वाले जांबाज शहीदो को समारोह में भाव पूर्ण श्रद्धा सुमन अर्पित किये जायेगे। समरोह में शिक्षा, चिकित्सा न्याय समाज सेवा क्षेत्र की बहुमुखी प्रतिभाओ को विजय श्री अवार्ड सें सम्मानित कर अभिनन्दन किया जायेगा।

# कॉलेज शिक्षा विभाग ने जारी की नई प्रवेश नीति

राजकीय कॉलेजों में आज से प्रवेश प्रक्रिया शुरू : राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप प्रवेश नीति में किए संशोधन

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** कॉलेज शिक्षा विभाग ने उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा के अनुमोदन उपरांत सत्र 2025-26 के लिए राजकीय एवं निजी महाविद्यालयों की नई प्रवेश नीति जारी कर दी है। जिसे विभागीय वेबसाइट https://hte.rajasthan.gov.in/dept/dce/Circulars.php पर देखा जा सकता है।

राज्य के 663 राजकीय महाविद्यालयों में विभिन्न संकायों में स्नातक प्रथम वर्ष की 2,52,000 सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया शुरू होगी। कॉलेज शिक्षा आयुक्त डॉ. ओम प्रकाश बैरवा ने बताया कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि वर्ष 2035 तक सकल नामांकन अनुपात (जीईआर) को 50 प्रतिशत तक पहुँचाया जाए, जिससे अधिक से अधिक विद्यार्थी उच्च शिक्षा से जुड़ सकें।


**नये सत्र से सेमेस्टर प्रणाली पूर्ण रूप से लागू:** सत्र 2025-26 से प्रदेश के समस्त महाविद्यालयों में स्नातक के त्रिवर्षीय पाठ्यक्रमों में पूर्ण रूप से सेमेस्टर प्रणाली लागू कर दी गई है। इससे पाठ्यक्रम संचालन अधिक व्यवस्थित और गुणवत्तापूर्ण हो सकेगा।

**डिफॉल्टर छात्रों को मिलेगा प्रवेश का अवसर:** नई प्रवेश नीति के तहत प्रवेश प्रक्रिया के अंतिम चरण में ऐसे विद्यार्थी जो फीस जमा नहीं करने के कारण डिफॉल्टर हो जाते हैं, उन्हें भी सीटें रिक्त होने पर प्रवेश का अवसर दिया जाएगा।

**कमजोर विद्यार्थियों को राहत:** नई प्रवेश नीति में उन विद्यार्थियों का भी ध्यान रखा गया है जो अगली कक्षा में प्रमोट नहीं हो पाए हैं। उन्हें उसी या किसी अन्य संकाय में, निर्धारित सीटों के अतिरिक्त सीटों पर प्रवेश की सुविधा दी जाएगी, ताकि उनका शैक्षणिक भविष्य सुरक्षित रह सके। तीन वर्षीय पाठ्यक्रमों के साथ-साथ, सम्बद्ध विश्वविद्यालयों के प्रावधानों के अंतर्गत चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रमों में भी प्रवेश की अनुमति दी गई है। प्रवेश आवेदन के लिए अब डिजिलॉकर या इंटरनेट से प्राप्त अंकतालिकाएं भी मान्य होंगी। यह प्रावधान विद्यार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए किया गया है।


**सहरिया विद्यार्थियों को मिलेगा आरक्षण का व्यापक लाभ:** बारां जिले के किशनगंज और शाहबाद तहसीलों के सहरिया समुदाय के लिए पूर्व में केवल केलवाड़ा कॉलेज में लागू 25 प्रतिशत आरक्षण को अब जिले के सभी राजकीय महाविद्यालयों में लागू किया गया है। राज्य सरकार ने प्रवेश के लिए दो वर्षों के अंतराल की बाध्यता को समाप्त कर दिया है। अब विद्यार्थी अर्हकारी परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद किसी भी उम्र में उच्च शिक्षा में प्रवेश ले सकेंगे। राजकीय महाविद्यालयों में ऑनलाइन आवेदन 4 जून से शुरू होंगे और आवेदन की अंतिम तिथि 16 जून होगी। स्नातक तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर तथा स्नातकोत्तर तृतीय सेमेस्टर में प्रवेश नवीनीकरण भी जून माह में होगा। सभी कक्षाएँ 1 जुलाई 2025 से प्रारंभ की जाएँगी।

# " सार्वभौमिक मानवाधिकार परिषद में विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में शर्मा अध्यक्ष पद पर नियुक्त हुए "



**जयपुर @ जागरूक जनता।** सार्वभौमिक मानवाधिकार परिषद (यूनिवर्सल ह्यूमन राइट्स काउंसिल) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. तरुण बाकोलिया द्वारा रवि शंकर शर्मा को विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में अध्यक्ष पद पर नियुक्ति पत्र जारी किया है। शर्मा शीघ्र ही राष्ट्रीय अध्यक्ष के परामर्श से विद्याधर नगर क्षेत्र की कार्यकारिणी घोषित करेंगे। इसके लिए शर्मा ने अध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दिए जाने पर राष्ट्रीय अध्यक्ष बाकोलिया का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया।

# पापड़ वाले हनुमान जी मंदिर में गंगादशमी महोत्सव के तहत 21 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ कल



**जयपुर @ जागरूक जनता।** श्री पापड़ वाले हनुमान मंदिर, विद्याधर नगर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री गंगा दशमी महोत्सव 2025 धूमधाम से मनाया जाएगा। मंदिर विकास समिति के मंत्री राजारामदास ने बताया कि महामण्डलेश्वर श्रीश्री 1008 रामसेवकदास जी महाराज के आशीर्वाद एवं सानिध्य में 5 जून को मंदिर प्रांगण में गंगा दशमी महोत्सव के तहत 21 कुण्डीय श्रीराम महायज्ञ, रामनाम संकिर्तन (रामधूनी) एवं भण्डारा प्रसादी का आयोजन किया जाएगा।

# गायत्री सप्त क्रांति ट्रस्ट की प्रेरणा से देशभर में नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित



**जयपुर @ जागरूक जनता।** 13 सितंबर, 1998 से प्रारंभ किये गये व्यसन-मुक्ति आंदोलन के तहत पिछले 27 वर्षों से नियमित विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर व्यसन मुक्त समाज के निर्माण हेतु कलेक्ट्रेट सर्किल पर प्रातः 7.00 बजे से 12.00 बजे तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। नशा मुक्ति गीत एवं नारों के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। व्यसन मुक्त समाज के निर्माण में पूर्ण सहयोग प्रदान करने हेतु सद्बुद्धि गायत्री महायज्ञ आयोजित किया गया, जिसमें सभी अतिथियों एवं परिजनों भाग लेकर आमजन को सद्बुद्धि के लिए प्रार्थना की। नशा-मुक्ति परामर्श केंद्र स्थापित कर लोगों को नशा छोड़ने के विभिन्न उपाय भी बताए गए। समाज को नशा मुक्त करने के लिए यदि नशेड़ियों की नई भर्ती पर भी रोक गया दी जाए तो इससे भी नशा करने वालों की संख्या में भारी कमी आ सकती है। इस उद्देश्य से जितेंद्र कुमार सोनी जिला कलेक्टर जयपुर की पहल पर नशा-मुक्त जयपुर के लिए तैयार कराये गए ई-शपथ के पोर्टल पर सभी से ऑनलाइन ई-शपथ भी दिलाई गयी।

# वरिष्ठ श्रावक पदमचंद पुंगलिया खरतरगच्छ संघ जयपुर के अध्यक्ष मनोनीत



**जयपुर @ जागरूक जनता।** जैन श्वेतांबर खरतरगच्छ संघ, जयपुर की कार्यकारिणी सभा में सर्वसम्मति से वरिष्ठ श्रावक पदमचंद पुंगलिया को संघ का नया अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। वे निवर्तमान अध्यक्ष प्रकाशचंद लोढ़ा का स्थान लेंगे। पदमचंद पुंगलिया, जयपुर के प्रसिद्ध जौहरी एवं समाजसेवी पुंगलिया परिवार से संबंध रखते हैं। पुंगलिया संघ की कार्यकारिणी में कई वर्षों से विभिन्न पदों पर सेवा दे चुके हैं। इनके दो बड़े भ्राता रिखबचंद पुंगलिया एवं शिखरचंद पुंगलिया भी संघ में वरिष्ठ पदों पर रहकर महत्वपूर्ण योगदान दे चुके हैं। वरिष्ठ श्रावक ज्योति कुमार कोठारी ने बताया कि पुंगलिया परिवार द्वारा स्टेशन रोड पर निर्मित एक भव्य पुंगलिया खरतरगच्छ जैन मंदिर भी स्थित है, जो लगभग 150 वर्षों से श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र बना हुआ है। खरतरगच्छ संघ, जयपुर - एक प्रमुख धार्मिक एवं सामाजिक संस्था है, जो जयपुर से मालपुरा तक फैले 16 भव्य जैन मंदिरों, दादाबाड़ियों, धर्मशालाओं, भोजनशालाओं सहित अनेक धार्मिक, सांस्कृतिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का संचालन करता है।


# तीन दिवसीय ई-वेस्ट संग्रहण अभियान कल से

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस 2025 के अवसर पर यहां कल से 7 जून तक ई-वेस्ट संग्रहण अभियान शुरू किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य इलेक्ट्रॉनिक कचरे (ई-वेस्ट) को सुरक्षित और जिम्मेदारी से निपटाना, पर्यावरण को होने वाले नुकसान को कम करना और ई-वेस्ट के उचित पुनर्चक्रण को प्रोत्साहित करना है। अभियान के दौरान जयपुर शहर घरों एवं प्रतिष्ठानों से निकलने वाले ई-वेस्ट (ई-कचरा) को लेने वाहन आयेंगे। साथ ही जयपुर शहर के विभिन्न स्थानों पर ई-वेस्ट संग्रहण सुविधा केंद्र खोले जायेंगे। स्थानीय लोग अपने घर से ई-वेस्ट एकत्र करके नजदीकी केंद्र पर भी जमा कर सकते हैं। ई-वेस्ट में शामिल हैं: पुराने मोबाइल फोन, कंप्यूटर, लैपटॉप, टेलीविजन, फ्रिज, एलईडी मॉनिटर, घरेलू उपकरण और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरण इत्यादि। ई-वेस्ट के पुनर्चक्रण के लिए प्रदूषण नियंत्रण मंडल ने 4 अधिकृत रिसाइक्लिंग इकाईयो यथा मैसर्स एटको ई-वेस्ट रिसाइक्लर प्राइवेट लिमिटेड, मैसर्स अस. अस. एनवायरो केयर, मैसर्स ग्रीनस्केप इको मैनेजमेंट प्रा. लि.एवं मैसर्स अच. अम. ई-वेस्ट मैनेजमेंट का चयन किया है जो ई-वेस्ट का संग्रहण करेंगे।

पुस्तक समीक्षा : पत्रकार एवं लेखक राजेन्द्र सिंह गहलोत ने किताबों की शक्ल में रचे दस्तावेज

# 'शक्ति का वंदन, शिव का अभिनंदन' एवं 'मैं झुकेगा नहीं'

शिव दयाल मिश्रा
jagrukjanta.net










**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजेन्द्र सिंह गहलोत द्वारा लिखित दो पुस्तकों का विमोचन समारोह बीते दिनों राजस्थान चेंबर भवन के भैरोसिंह शेखावत सभागार में आयोजित हुआ।

'शक्ति का वंदन, शिव का अभिनंदन' मनोविश्लेषण करती है कि जब शिव को अर्धनारीश्वर के रूप में पूजा गया तो सिद्ध है कि शिव और शक्ति अलग नहीं हैं, स्त्री के अधिकारों को लेकर आंदोलन करने वाले लोगों ने ही स्त्री को कमजोर साबित किया है, ये दोहरी जिंदगी जीने वाले लोग हैं, असल जिंदगी में इनका मुखौटा कुछ और होता है, दुनिया दिखावटी ये नारी को बेटियों की उपाधि देते हैं, लेकिन इनसे अकेले में बात करो तो महिलाओं के लिए इनकी भाषा, सोच और इनका जीवन समाज के सबसे निम्न स्तर के व्यक्ति से भी गया बीता मिलेगा।

इनके नारे पश्चिमी सोच का बाजारीकरण है, उस अंधी नकल ने ही स्त्री की भाषा और वेशभूषा बदल दी, उसने पुरुष को प्रतिद्वंद्वी मान लिया। परिणामस्वरूप 'लेस्बियन', 'गे', 'लिव इन रिलेशनशिप ' का जन्म हुआ, इन सबने नारी का अवमूल्यन कर दिया।

शक्ति आधा अंग शिव का बनकर रहेगी तो ही पूजी जाएगी, अकेली शक्ति खुद के साथ ही पूरे समाज के भी विनाश का कारण बन जायेगी। सृष्टि का कल्याण दोनों के मिलन में ही निहित है।

न्यायपालिका, कार्यपालिका, विधायिका, शिक्षा, चिकित्सा, व्यवसाय, समाजसेवा, कला आदि क्षेत्रों की दोनों शक्तियों के 17 प्रेरणादायक साक्षात्कारों की पुस्तक है 'शक्ति का वंदन, शिव का अभिनंदन' जो समाज में नये विचार को जन्म देगी। पुस्तक 'मैं झुकेगा नहीं ' वरिष्ठ मीडियाकर्मी एम.आर.सिंघवी की जीवनगाथा है, जिसमें राजेन्द्र सिंह गहलोत ने सिंघवी की स्मृतियों के चंद टुकड़ों और स्वपनों के दस्तावेज बनाकर बहुत ही खूबसूरत अंदाज में पेश किया है। दोनों पुस्तकें प्रेरणादायी है।

पुस्तक विमोचन समारोह में अतिथियों के रूप में मौजूद रहे वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखाधिकारी उत्तर पश्चिम रेलवे रूपेश सिंघवी, आर.सी.एस. अनिल कुमार, मंगलम प्लस मेडिसिटी होस्पिटल की डायरेक्टर नेहा गुप्ता, अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व अध्यक्ष जसबीर सिंह, समाजसेवी राजन सरदार, जिन्होंने राजेन्द्र सिंह गहलोत को बेबाक और बेखौफ पत्रकार बताया। बेहतरीन अंदाज में मंच संचालन प्रिंस रूबी ने किया।

### अनसेफ एवं सबस्टेण्डर्ड पाये गये खाद्य पदार्थों के नमूनो के बाद चालान कोर्ट में पेश

# 51 फर्मों के विरुद्ध चालान प्रस्तुत

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** जयपुर प्रथम 1 आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान जयपुर के निर्देशानुसार लिये गये खाद्य पदार्थों के नमूनो में से अन्तिम जॉच रिपोर्ट पश्चात अनसेफ एवं सबस्टेण्डर्ड पाये गये प्रकरणों में 51 फर्मों के विरूद्ध चालान माननीय न्यायनिर्णयन अधिकारी जयपुर/मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जयपुर में प्रस्तुत किये जाने की कार्यवाही प्रकियाधीन है। सीएमएचओ जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि 51 फर्मों के विरुद्ध चालान न्यायनिर्णयन अधिकारी जयपुर/मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट जयपुर में प्रस्तुत किये जाने की कार्यवाही प्रकियाधीन है, वे निम्नानुसार हैं-
लक्ष्मी ट्रेडर्स, गणगौरी बाजार जयपुर का काली मिर्च, न्यू लाल जनरल एण्ड किराना स्टोर, जयसिंहपुरा खोर जयपुर का लाल मिर्च पाउडर, न्यू कौशर स्वीट्स, हसनपुरा जयपुर का गुलाब जामुन, किर्ती एन्टरप्राईजेज, शास्त्री नगर जयपर का धनिया पाउडर, मिर्च पाउडर एवं हल्दी पाउडर, गणेश ट्रेडिंग कम्पनी, शास्त्री नगर जयपुर का धनिया पाउडर एवं हल्दी पाउडर,आदर्श नमकीन भण्डार, राजा पार्क जयपुर की मेरी नेशन ग्रेवी, आर.एन. हॉस्पिटिलिटी सर्विस, जयपुर का वेजिटेबल सॉस, द फोनिक्स ट्रेडविजन प्रा.लि. वीकेआई जयपुर का क्यूमिन पाउडर, होटल हाईवे किंग, विराटनगर कोटपुतली जयपुर की ग्रेवी,वीनस इण्डियन ढाबा, कॅवर नगर जयपुर की ग्रेवी, काला नमकीन उद्योग जयपुर का तेल एवं नमकीन, श्री किशन दूध भण्डार, करतारपुरा जयपुर का मावा,जोधपुर डेयरी बूथ सी-स्कीम जयपुर की आईसकीम,नरेन्द्र जॉगिड, झोटवाडा जयपुर का पनीर, श्री गणपति देशी घी भण्डार, सुभाष चौक जयपुर का घी, भूरामल भागीरथ अजमेर रोड जयपुर का बादाम कतरन, शुद्ध देशी घी भण्डार, झोटवाडा जयपुर का घी, श्री महालक्ष्मी ट्रेडिंग कम्पनी सूरजपोल मंडी जयपुर का तेल, श्री कृष्णा स्वीट एण्ड बेकर्स, वैशाली नगर जयपुर का मूँग लडडू, गोपी क्वालिटी स्वीटस, राजा पार्क जयपुर का मावा, श्री बालाजी मावा दूध भण्डार, सिरसी रोड जयपुर का मावा,रॉयल स्वीटस, शास्त्री नगर जयपुर का मावा, राधिका ट्रेडर्स, वैशाली नगर जयपुर की आईसकीम, कृष्णा मार्केटिंग, सूरजपोल मंडी जयपुर का मूंगफली तेल, श्री राम मिल्क फूड डेयरी इण्डस्टीज झोटवाडा जयपुर के घी के दो नमूने, एवेन्यू सुपरमार्ट लिमिटेड, झोटवाडा जयपुर का घी के दो नमूने,लक्ष्मी ट्रेडिंग कम्पनी, कालवाड रोड जयपुर का तेल, रामप्रसाद रामगोपाल, सूरजपोल मंडी जयपुर का घी, शंकर नमकीन भण्डार, राजापार्क जयपुर का लाल मिर्च पाउडर, श्री लक्ष्मी मिष्ठान भण्डार, कालवाड रोड जयपुर का मावा, ओम प्रकाश आकाश कुमार, चॉदपोल बाजार जयपुर का धी, माहेश्वरी स्टोर, चॉदपोल बाजार जयपुर का घी, मेहता किराना स्टोर, गोविन्दपुरा जयपुर का घी,जनता जोधपुर स्वीट होम, शाहपुरा जयपुर की मावा बर्फी, श्री लक्ष्मी जोधपुर मिष्ठान भण्डार, पाच्यावाला जयपुर का मिल्क केक, श्री वर्धमान मिल्क डेयरी, कालाडेरा जयपुर का गुलाब जामुन,शिवा मावा पनीर भण्डार, झोटवाडा जयपुर का पनीर,कृष्णा मार्केटिंग सूरजपोल अनाज मंडी जयपुर का तेल,नीरज मार्केटिंग, बदनपुरा जयपुर के घी के चार नमूने,एक्सप्रेस किचीन, सी-स्कीम जयपुर का पनीर,शर्मा पनीर, गलता गेट जयपुर का पनीर, अप एण्ड अप, रामबाग जयपुर का पनीर, यूनीएग्रो फूड इण्डस्ट्रीज प्रा.लि. जयपुर का फोजन बफेलो मीट,चाट का मटका टेस्ट का तडका, न्यू सागांनेर जयपुर का गुलाब जामुन,सीताराम अनिल कुमार खुटेटा, हसनपुरा जयपुर का तिल का तेल,अग्रवाल ब्रोदर्श, हसनपुरा जयपुर का घी, श्री श्याम एण्ड कम्पनी, शाहपुरा जयपुर धनिया पाउडर, मिलन मिष्ठान भण्डार, मोती डूंगरी जयपुर का मोदक, वीर मिष्ठान भण्डार, मोती ड्रॅगरी गणेश मन्दिर के सामने जयपुर का कानपुरी लडडू,रेवाती मिष्ठान भण्डार, मोती डूंगरी गणेश मन्दिर के सामने जयपुर का मिल्क केक।


आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण राजस्थान जयपुर एच. गुईटे के निर्देशानुसार चालये जा रहे फल एवं सब्जियों के नमूनीकरण के अभियान के तहत खाद्य सुरक्षा अधिकारी दल जयपुर प्रथम के द्वारा आज दिनांक तक कुल 66 नमूनें फल एवं सब्जियों के लिये गये साथ ही सभी फल एवं सब्जी विरॆताओं को सड़े गले फल विकय नहीं करने हेतु हिदायत जारी करते हुये फलो को प्रतिबन्धित कैल्शियम कार्बाइड से नहीं पकाने के लिये पांबद किया गया एवं एफएसएआई द्वारा जारी गाईडलाईन के अनुसार फलो को पकाने में एथिलीन गैस के चैम्बर / एथोफेन के सेसे नियमानुसार काम में लेने हेतु निर्देशित किया गया।

# जैसलमेर का रहने वाला सरकारी अधिकारी निकला 'पाकिस्तानी जासूस'

### ISI एजेंट से बातचीत के मिले सबूत

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जैसलमेर।** राजस्थान पुलिस ने जैसलमेर में रोजगार विभाग में सहायक प्रशासनिक अधिकारी (एएओ) व कांग्रेस के पूर्व मंत्री शाले मोहम्मद के निजी सहायक रह चुके शकूर खां को जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया है। शकूर खान के खिलाफ अधिनियम 1923 के तहत मामला दर्ज किया गया है। जबकि इंटेलिजेंस ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान से बढ़े तनाव के बीच शकूर खान को हिरासत में लिया था। गौरतलब है कि मांगलिया की ढाणी जैसलमेर के रहने वाले शकूर खान की गतिविधियां संदिग्ध पाए जाने के बाद सुरक्षा एजेंसियों ने उस पर नजर रखी। शकूर खान पाक दूतावास में काम करने वाले अहसान-उर-रहीम उर्फ दानिश व सोहेल कमर से नजदीकी सम्पर्क में था। उस पर भारतीय सेना व सामरिक क्षेत्र की सूचनाएं उपलब्ध कराने का आरोप है।



#### फोन में पाक के अनजान नंबर मिले

**जानकारी** के अनुसार, खुफिया एजेंसियों को उसके मोबाइल में पाकिस्तान के कई अनजान नम्बर मिले हैं। जिनके बारे में वह संतोषजनक जवाब नहीं दे पाया। इसके अलावा बताया जाता है कि शकूर ने अपने फोन से कई दस्तावेज डिलीट भी किए हैं, जिन्हें रिकवर किया गया। उसके फोन से आईएसआई एजेंट से बातचीत के सबूत मिले हैं। शकूर खां मंगलिया, जैसलमेर जिले के बडोडा गांव की मंगलियों की ढाणी का निवासी है। वह कांग्रेस नेता और पूर्व मंत्री शाले मोहम्मद के निजी सहायक के तौर पर काम कर चुका है।

#### 7 बार की पाक की यात्रा

जैसलमेर जिले के बड़ोड़ा गांव की मंगलियों की ढाणी का निवासी आरोपी शकूर खां पिछले कुछ वर्षों में पाकिस्तान की 7 बार यात्रा कर चुका है। पाक दूतावास में काम करने वाले दानिश की मदद से कई बार पाकिस्तान का वीजा लेकर पाकिस्तान यात्रा की।

#### पूर्व मंत्री का रहा निजी सचिव

शकूर खान की पाकिस्तान के सिंध प्रांत के रहिमियार खान, सक्खर, घोटकी आदि क्षेत्रों में नजदीकी रिश्तेदारी है। शकूर खान वर्ष 2009 से 2013 में पोकरण विधायक शाले मोहम्मद के कार्यकाल और 2019 से 2023 तक कैबिनेट मंत्री राजस्थान सरकार के कार्यकाल के समय निजी सचिव रहा।

### जयपुर में वोटर्स पार्टी इंटरनेशनल की पुनर्जागरण सभा का हुआ भव्य आयोजन

# पुरानी व्यवस्था नई पीढ़ी की जरूरतें पूरी करने में अक्षम-विश्वात्मा

### वोटर्स पार्टी इंटरनेशनल का प्रमुख उद्देश्य शांति और न्याय की गारंटी देने वाली विश्व व्यवस्था की स्थापना



**विश्वात्मा भरत गांधी**
संस्थापक और नीति निर्देशक वी पी आई



**नन्द किशोर खंडेलवाल**
राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष वी पी आई



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** वोटर्स पार्टी इंटरनेशनल (वीपीआई) की पुनर्जागरण यात्रा सभा का भव्य आयोजन जयपुर के जगतपुरा स्थित एन.के. खंडेलवाल फार्म हाउस में संपन्न हुआ। इस अवसर पर पार्टी के संस्थापक और नीति निर्देशक विश्वात्मा भरत गांधी ने कहा कि देश में वोटरों की भूमिका सिर्फ मतदान तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि उन्हें आर्थिक और वैश्विक अधिकारों से भी सशक्त किया जाना चाहिए।

विश्वात्मा ने पुनः दोहराया कि सरकार नौकरी नहीं देती, तब तक हर वोटर को आवेदन करने पर वोटरशिप अधिकार के रूप में 11,900 रुपए प्रति माह सरकारी आय की वैधानिक गारंटी (राष्ट्रीय लाभांश में हिस्सा) दिया जाए। इसके लिए 137 सांसदों की मांग पर संसद की गोयल समिति सन 2011 में ही सिफारिश कर चुकी है। उन्होंने कहा कि इन सिफारिशें को शीघ्र लागू की जाएं। पुनर्जागरण यात्रा से जुड़ने के लिए और अधिक जानकारी हेतु वोटर्स पार्टी इंटरनेशनल राजस्थान प्रदेश संयोजक रामावतार शर्मा ने ईमेल vpimedia.central@gmail.com पर सम्पर्क करने हेतु आमजन और पार्टी प्रतिनिधियों को आमन्त्रित किया है। इस पुनर्जागरण यात्रा में गजेन्द्र सिंह यादव, महेन्द्र शर्मा, रमेश गुर्जर, वाज़िद खान, हरजीत सिंह, जितेन्द्र शर्मा, कमलेश शर्मा, भंवर लाल शर्मा सहित राजस्थान के कोने-कोने से प्रतिनिधियों ने भाग लेकर समाज में एक नई राजनीतिक चेतना के सूत्रपात का संकल्प लिया।

कार्यक्रम को पार्टी के अखिल भारतीय कमेटी के उपाध्यक्ष सादेश अली मसीह, राजस्थान प्रदेश संयोजक रामावतार शर्मा, और नव मनोनीत प्रदेश अध्यक्ष नंदकिशोर खंडेलवाल ने भी संबोधित किया। राजेश शर्मा ने मंच का संचालन करते हुए सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का स्वागत किया और आभार प्रकट किया।

सभा में उपस्थित लोगों ने पुनर्जागरण यात्रा के 15 सूत्रीय कार्यक्रम को स्वीकार करने का प्रस्ताव भी पारित किया। जिनमें देश की दिशा और दशा को बदलने की क्षमता है। पुनर्जागरण यात्रा की कुछ प्रमुख मांगे इस प्रकार है :-

1. सरकारी नौकरी को मौलिक अधिकार बनाया जाए, नौकरी मिलने तक आवेदन करने वाले वोटरों को ₹11,900 मासिक सहायता मिले।
2. "जनरल बैकवर्ड (GBC)" की संयुक्त सरकार बने ताकि सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुसार ₹ीमी लेयर लागू हो सके और एस सी/एसटी के वंचित 97% परिवारों को आरक्षण मिल सके।
3. "वैश्विक भागीदारी एवं शांति मंत्रालय" की स्थापना की जाए ताकि भारत को आतंकवाद, युद्ध और विनाश से बचाया जा सके।
4. संसद और विधानसभाओं, शिक्षण संस्थानों और सरकारी नौकरियों में BPL को 25%; APL को 72% और अमीरी रेखा के ऊपर के लोगों को उनकी जनसंख्या के अनुपात में 3% प्रतिशत आरक्षण मिले।
5. "आर्थिक उत्तराधिकार सीमांकन कानून" बने ताकि किसी को 200 करोड़ से अधिक संपत्ति हराम में उत्तराधिकार में न मिले।
6. किसानों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) कानून लागू हो। जिससे उनके उपज की न्यायिक कीमतें मिल सके।
7. यूरोपीय यूनियन की तरह दक्षिण एशियाई देशों का यूनियन बनाने हेतु विशेष मंत्रालय बनाया जाए और SAARC को पुनर्जीवित किया जाए।
8. "राजनीतिक उत्तराधिकार समाप्ति कानून" लागू किया जाए ताकि कम से कम संवैधानिक पदों से और राजनीति से वंशवाद समाप्त हो।
9. "व्यभिचार नियंत्रण बहाली कानून" बनाया जाए ताकि विचार करने वाले पति या पत्नी को कानूनी सजा दिलाई जा सके और परिवार की संस्कृति और मर्यादा सुरक्षित रह सके।
10. प्रधानमंत्री का चुनाव करने का अधिकार सांसदों से लेकर देश के ग्राम प्रधानों और सभासदों को दे दिया जाना चाहिए और मुख्यमंत्री का चुनाव करने का अधिकार विधायकों से लेकर प्रदेश के पंचायत प्रतिनिधियों को दे देना चाहिए। सांसदों और विधायकों को प्राप्त कानून बनाने और बजट पास करने का काम पहले की तरह उनके पास सुरक्षित रहना चाहिए।

विश्वात्मा भरत गांधी ने बताया कि पुनर्जागरण करने के लिए देश का कोई भी संगठन पुनर्जागरण यात्रा निकाल सकता है। यह पुनर्जागरण यात्रा केवल एक आंदोलन नहीं बल्कि एक राष्ट्रीय पुनर्निर्माण का अभियान है। विश्वात्मा भरत गांधी के नेतृत्व में यह अभियान पूरे देश में जनजागरण की लहर पैदा कर रहा है, जिसका लक्ष्य है – एक समतामूलक, न्यायसंगत और आत्मनिर्भर भारत और एक शांति और न्याय की गारंटी देने वाली विश्व व्यवस्था की स्थापना।

# माधव विवि में रजिस्ट्रार डॉ. भावेश का सादगी से मनाया जन्मदिन



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**आबूरोड।** माधव विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. भावेश कुमावत का जन्मदिन आज विश्वविद्यालय परिसर में सादगी, गरिमा और आत्मीयता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यों और पदाधिकारियों ने उन्हें शुभकामनाएं देकर उनके व्यक्तित्व और कार्यशैली की सराहना की। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. कुमावत को पुष्पगुच्छ व शुभकामना संदेशों के साथ सम्मानित करने से हुई। विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ. राजकुमार ने उन्हें जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि डॉ. कुमावत विश्वविद्यालय प्रशासन की रीढ़ हैं। उनका कुशल प्रबंधन और समर्पण प्रेरणास्पद है। इस अवसर पर प्रेसीडेंट डॉ. राजीव माथुर ने कहा कि डॉ. कुमावत न केवल एक कुशल प्रशासक हैं, बल्कि एक मार्गदर्शक भी हैं जो विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों की ओर ले जा रहे हैं। कार्यक्रम में विवि के कई वरिष्ठ अधिकारी और विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे, जिनमें होम्योपैथिक विभाग की निदेशक डॉ. भारती देसाई, परीक्षा नियंत्रक डॉ. मुकेश महावर, उप रजिस्ट्रार डॉ. डूंगरसिंह, चीफ अकाउंट ऑफिसर मुकेश सक्सेना, डॉ. पार्वती कुमावत, डॉ. रुचि ठक्कर, डॉ. धरती, डॉ. मीनू दायमा तथा मीडिया इंचार्ज अशोक प्रजापत प्रमुख रूप से शामिल रहे। बड़ी संख्या में विश्वविद्यालय के शिक्षकगण, स्टाफ और छात्र-छात्राओं ने भी डॉ. कुमावत को शुभकामनाएं दीं।

# महेश नवमी महोत्सव 2025 में अंताक्षरी आधारित खेल कार्यक्रम आयोजित

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net




**चित्तौड़गढ़।** माहेश्वरी समाज के स्थापना दिवस महेश नवमी पर आयोजित किये जा रहे ग्यारह दिवसीय महेश नवमी महोत्सव 2025 के तहत स्थानीय ऑडिटोरियम में अंताक्षरी आधारित बड़ा कार्यक्रम खेल आयोजित किया गया।

महोत्सव संयोजक शैलेंद्र झंवर ने बताया कि कार्यक्रम में 10 टीमों ने भाग लिया जिसमें प्रत्येक टीम में 5 पुरुष व 5 महिला प्रतिभागी थे। कार्यक्रम प्रभारी कुंतल तोषनीवाल ने बताया कि कार्यक्रम में सीए राजेंद्र न्याति, सीए अर्जुन मूंदड़ा, कार्यक्रम प्रायोजक पूर्व जिलाध्यक्ष कैलाश तोषनीवाल, मनोहर तोषनीवाल, शरद सोनी, नगर सभा अध्यक्ष राकेश मंत्री, महामंत्री शैलेंद्र झंवर, गोपाल तोषनीवाल, अशोक कलंत्री, भरत जागेटिया, हरीश ईनाणी अतिथि के रूप में उपस्थित थे। अतिथियों ने भगवान महेश की तस्वीर पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम की सह प्रभारी रितु सोडाणी, वर्षा सोनी, उमा न्याति ने बताया कि प्रतियोगिता में विभिन्न राउंड आयोजित किए गए जिसमें प्रथम रेणु राजेंद्र सोमानी की टीम, द्वितीय भावना विनोद न्याति की टीम, तृतीय श्वेता मनोज मंडोवरा की टीम रही। इस अवसर पर शंभुलाल सोमानी, सुनील राठी, कैलाश तोतला मुकेश सोमानी, धर्मप्रकाश गदिया, सतीश धूत, महेश डागा, अरविन्द तोषनीवाल, सुनील गदिया, राजकुमार जेथलिया, महिला जिलाध्यक्ष कृष्णा समदानी, लीला आगाल, चंदा नामधर, मंजू तोषनीवाल, जया तोषनीवाल, डिंपल बिरला सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य नागरिक, माताएं, बहिनें उपस्थित थे। इससे पूर्व सोमवार दोपहर में बाबा साइकिल रेस, वॉकर रेस, घुटनों के बल चलना एवं वादविवाद प्रतियोगीताए आयोजित की गई जिसमें अतिथियों नगर महामंत्री शैलेन्द्र झंवर, महेश नुवाल, शरद सोनी, शंभुलाल सोमानी, राजेंद्र गगरानी, सतीश धूत, सुनील कलन्त्री, राजेंद्र सोमानी, मुरली बाहेती, सुरेश चेचानी सहित प्रायोजक रैंबो नो बैग स्कूल के संचालक सुमित अर्चना चेचानी ने विजेताओ, उपविजेताओ एवं सभी प्रतिभागियों को पारितोषिक प्रदान किए।

इस अवसर पर कार्यक्रमों की प्रभारी संध्या काबरा, रतन काबरा, कृष्णा सोमानी, अर्चना मोदानी, रेनू सोमानी, सावित्री पलोड, प्रियंका आगाल, सरिता चेचानी, नीलम बांगड़, राशी मूंदड़ा, रुचिका सोनी, अंजू हेड़ा, चंदा नामधर, अल्का चौखड़ा, राजश्री काबरा, स्नेहलता भंडारी उपस्थित थीं।

# ईज ऑफ़ डूइंग बिजनेस पर राउंड टेबल डिस्कशन का हुआ आयोजन

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net




**जयपुर।** राजस्थान चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री जयपुर एवं एसोचैम नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में चेंबर के सदस्यों तथा चैंबर से जुड़ी हुई औद्योगिक संगठन के लिए ईज ऑफ़ डूइंग बिजनेस- ड्राइविंग प्रोग्रेस थ्रू पालिसी रिफॉर्म्स एंड इन्वेस्टमेंट पर एक राउंड टेबल डिस्कशन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को चेंबर के उपाध्यक्ष ज्ञान प्रकाश ने मोडरेट किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए राजस्थान चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष डॉ के एल जैन ने कहा कि भारत में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार के आने के बाद से ही व्यापार विकास एवं विस्तार के लिए अनेक सहूलियतें और रियायतें प्रदान की गई है। इसी कारण उद्यमिता का काफी विकास हुआ है। ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' रैंकिंग में भारत की स्थिति लगातार सुधर रही है। छोटे एवं मध्यम स्तर के उपक्रम यदि किसी देश में ग्रोथ करते हैं तो फिर वहाँ तेजी से विकास संभव हो सकता है। इससे वोकल फॉर लोकल को भी बढ़ावा मिलेगा।

इस अवसर पर एडिशनल डायरेक्टर एसोचैम नई दिल्ली के श्री नाहिद आलम ने भी अपने विचार रखे। राजस्थान चैंबर की वरिष्ठ उपाध्यक्ष आर. एस. जैमिनी, आत्माराम गुप्ता, डॉ अरुण अग्रवाल उपाध्यक्ष ज्योति खंडेलवाल सुधीर पालीवाल मानद महासचिव बृज बिहारी शर्मा, आनंद महरवाल मानद सचिव सुधीर भंसाली, कमलेश जैन आदि उपस्थित रहे तथा उन्होने भी व्यापार स्थापना में आ रही समस्याओं पर अपने विचार रखे। इसके अतिरिक्त चैम्बर के सदस्यों के अलावा बड़ी संख्या में औद्योगिक संस्थानों के प्रतिनिधियों निर्यातकों एवं स्टार्टअप प्रारंभ करने वाले युवा उद्यमी राजस्थान चैम्बर यंग वीमेन इंटरप्रेन्योर विंग की चेयरपर्सन सोनिका महरवाल चांदनी जग्गा एवं अन्य सदस्याएं भी उपस्तिथ रही तथा इस विषय में नवीन जानकारियां प्राप्त की ।

इस अवसर पर फाउंडेशन ऑफ साइंस एंड इनोवेशन एंड डेवलपमेंट के निदेशक योगेश पंडित ने प्रेजेंटेशन भी प्रस्तुत की। राजस्थान चैम्बर के कार्यकारी निदेशक योगेश नारायन माथुर सचिव दिनेश कानूनगो भी उपस्थित रहें।

### हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड

# चंदेरिया लेड जिंक स्मेल्टर में मियावाकी मिनी फॉरेस्ट है पर्यावरण संरक्षण के लिए नया कदम

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** वर्तमान समय में बढ़ते शहरीकरण और कम होती हरियाली में, पेड़ लगा कर प्रकृति को पुर्नस्थापित करने के प्रयास बहुत आवश्यक है। इसी जरूरत को पूरा करने में एक विशेष तरीका है मियावाकी पद्धति। यह तरीका जापान के वैज्ञानिक डॉ. अकीरा मियावाकी ने तैयार किया है। इसमें कम जगह में अलग-अलग तरह के देशी पेड़-पौधे एक साथ लगाए जाते हैं, जिससे जंगल तेजी से बढ़ता है और अपने आप पनपने लगता है। मियावाकी जंगल सिर्फ 2-3 साल में पूरी तरह तैयार हो जाते हैं और उन्हें अधिक देखभाल की जरूरत नहीं पड़ती।

#### हिन्दुस्तान ज़िंक का सफल प्रयास

हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने अपने चंदेरिया लेड जिंक स्मेल्टर में मियावाकी पद्धति का इस्तेमाल कर एक मिनी फॉरेस्ट बनाया है। इस प्रोजेक्ट का उद्धेश्य एक हेक्टेयर जमीन को घने, हरे-भरे जंगल में बदलना था। कंपनी द्वारा कुल 13,750 वृक्षारोपण किए गए, जिससे क्षेत्र में जैव विविधता को प्रोत्साहन मिला, वायुमंडल से कार्बन की मात्रा में कमी आई तथा मृदा और जल संरक्षण में सहायता प्राप्त हुई।



#### चुनौतियाँ और समाधान

यह काम आसान नहीं था। जिस जमीन पर जंगल बनाना था, वहां ढाब यानि कि खरपतवार बहुत ज्यादा थी। लेकिन, अच्छी योजना और मेहनत से इस जगह को बदल दिया। सबसे पहले, ढाब खरपतवार को हटाया गया। फिर, मिट्टी को ढीला किया गया और उसमें खाद, गोबर और केंचुए की खाद मिलाकर उपजाऊ बनाया गया। इसके बाद, 45 से अधिक तरह के कुल 13,750 देशी पेड़-पौधे लगाए गए, जिनमें बड़े पेड़, छोटे पेड़ और झाड़ियाँ शामिल थीं।

#### इस मिनी फॉरेस्ट से आने वाले समय में कई बड़े फायदे होंगे

हवा से कार्बन की मात्रा में कमी आएगी, मिट्टी और पानी का संरक्षण बेहतर होगा। यह आर्थिक रूप से भी फायदेमंद साबित होगा, क्योंकि पारंपरिक बागवानी की तुलना में इसमें अगले 10 वर्षों में लगभग 75 प्रतिशत तक कम खर्च आने की संभावना है। यहां की जैव विविधता (अलग-अलग तरह के जीव-जंतु और पेड़-पौधे) भी बढ़ेगी।

#### भविष्य की योजनाएँ

चंदेरिया लेड जिंक स्मेल्टर इस जंगल को बनाए रखने और और बेहतर बनाने के लिए नियमित रूप से पानी, खाद, खरपतवार हटाने और वहां की जैव विविधता की जांच करता रहेगा। कंपनी का लक्ष्य है कि यह जंगल अगले 2-3 सालों में पूरी तरह से अपने आप पनपने लगे। मियावाकी मिनी फॉरेस्ट प्रोजेक्ट एक बेहतरीन उदाहरण है कि किस प्रकार सही योजना, पर्यावरण के प्रति लगन और नए तरीकों से अनउपयोगी जमीन को फिर से हरा-भरा बनाया जा सकता है। यह देश भर में सस्टेनेबल औद्योगिक प्रथाओं के लिए एक प्रेरणा है।

# जोधपुर में शहर के सबसे बड़े जैन भवन का होगा निर्माण

### 15 को संक्रांति महोत्सव में मारवाड़ जैन श्री संघ ट्रस्ट का होगा शुभारम्भ

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जोधपुर।** जोधपुर में शहर का सबसे बड़ा जैन भवन मारवाड़ जैन श्री संघ के तत्वाधान में राष्ट्रसंत पद्मश्री से सम्मानित गच्छाधिपति नित्यानंद सूरीश्वर जी महाराज एवं भोलेबाबा आचार्य जयानंद सुरीश्वर महाराज के सानिध्य में 15 जून को मारवाड़ इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित होने वाले विशाल संक्राति कार्यक्रम में शुरुआत होगी। कार्यक्रम अनेक साधु साध्वियों के साथ देश भर से उनके भक्तजन व जैन समाज के प्रबुद्ध जनो की उपस्तिथि में विशाल संक्राति महोत्सव मनाया जाएगा।

#### ये होंगे कार्यक्रम अतिथि

कार्यक्रम संयोजक गौतम सालेचा ने बताया कि इस अवसर पर पंजाब के राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया मुख्य अतिथि रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जोधपुर विधायक अतुल भंसाली करेंगे। इस अवसर पर नाकोड़ा तीर्थ के अध्यक्ष रमेश कुमार मुथा व मोटिवेशनल स्पीकर शांतिलाल गोलेच्छा की गरिमामय उपस्तिथि रहेगी। इस दिन मारवाड जैन श्री संघ ट्रस्ट का शुभारम्भ होगा। यह ट्रस्ट पुरे मारवाड जैन समाज का सामाजिक, शैक्षणिक, धार्मिक, चिकित्सा:, पर्यावरण व अनेक सामाजिक कार्यो का केंद्र बिंदु रहेगा।

## जागरूक खबरें

### महेश नवमी पर शोभायात्रा 4 को

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** बस्सी कस्बे के माहेश्वरी समाज के तत्वावधान में आयोजित महेश नवमी महोत्सव पर विविध कार्यक्रम होंगे। रमेश जागेटिया ने बताया कि माहेश्वरी नवमी की पूर्व संध्या पर आज रात्री 8 बजे से प्रभु इच्छा तक भजन गायक अभिषेक माहेश्वरी द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी एवं परितोषिक वितरण किया जायेगा। गोपाल गदिया ने बताया कि 4 जून को प्रातः 5 बजे लक्ष्मीनाथ प्रांगण स्तिथ भगवान महादेव का अभिषेक होगा। तत्पश्चात भगवान महेश की शोभायात्रा प्रातः 8 बजे से लक्ष्मीनाथ मंदिर के वहा से मुख्य मार्ग से होते हुये माहेश्वरी पंचायत भवन पहुँचेगी जँहा महादेवजी की आरती कर सामूहिक भोजन प्रसाद रखा गया।

### 22 गाँवों के किसानों संग वैज्ञानिक संवाद आयोजित

**झालावाड़ @ जागरूक जनता।** केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉ. टी.सी. वर्मा ने बताया कि विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत् जिले की बकानी व खानपुर तहसील के 09 ग्राम पंचायतों के 22 गांवों के किसानों के साथ कृषि वैज्ञानिकों ने खरीफ-पूर्व जानकारी पर संवाद किया। शिविर में टीम-1 से डॉ. मौहम्मद युनुस, कृषि वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र, झालावाड़ ने बकानी क्षेत्र के किसानों को खरीफ की सोयाबीन फसल में अधिक वर्षा से होने वाले नुकसान से बचने हेतु कई सुझाव एवं तकनीकियों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। कार्यक्रम में जिले के बकानी क्षेत्र की ग्राम पंचायत रिझोन के 626 कृषकों के साथ जिले के 12 कृषि अधिकारियों ने प्रतिभागिता दिखाई।

### माधव विश्वविद्यालय के कृषि विभाग के निदेशक डॉ गीतम सिंह को मैनुअली ऑपरेटेड चाफ कटर पर मिला पेटेंट

**आबूरोड @ जागरूक जनता।** माधव विश्वविद्यालय के कॉलेज आफ एग्रीकल्चर में कृषि विभाग के निदेशक डॉ गीतम सिंह को मैनुअली ऑपरेटेड चाफ कटर पर एक और पेटेंट मिला। यह चाफ कटर भेड तथा बकरियों के चरवाहों की सुविधा के अनुसार डिजाइन किया गया है जो कि भेड तथा बकरियों को 200 से 500 की संख्या के झुंड में पूरे राजस्थान तथा अन्य प्रदेशों में भी भेड तथा बकरियों को चराने के लिए ले जाते हैं । ऐसी स्थिति में उनके पास हरे चारे को कुट्टी करने के लिए कोई भी सुविधा नहीं होती है तथा इस स्थिति में भेड तथा बकरियों को सबुत हरा चारा खिलाना पड़ता है जिससे कि उनमें पाचन संबंधी तथा स्वास्थ्य संबंधी कई समस्या उत्पन्न हो जाती हैं ऐसी स्थिति में यह चाप कटर बहुत ही उपयोगी सिद्ध होगा। यह यंत्र 15-20 किलो वजन का है इसलिए कहीं भी उठाकर ले जाया जा सकता है तथा कहीं भी रखकर दो से तीन कुंतल तक हरा चारा की कुट्टी किया जा सकता है। यह मैनुअली ऑपरेटर चाफ कटर पूरी तरह से रीलोकेटेबल है। एक स्थान से दूसरे स्थान पर आसानी से ले जाया जा सकता है । इसमें चारा काटने वाले ब्लैड्स पूरे स्टील तथा पहिए एवं स्टैंड को फाइबर मिक्स बेस्ड बनाया गया है। इस पेटेंट को मिलने पर माधव यूनिवर्सिटी के चेयरमैन डॉ राजकुमार ने कहा है कि हमारे विश्वविद्यालय के प्रोफेसर आज उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा तथा कृषि की समस्याओं के समाधान पर काम कर रहे हैं जिससे कि हमारा स्टूडेंट्स आत्मनिर्भर तथा स्वरोजगार की तरफ बढ़ सके। इस अवसर पर माधव यूनिवर्सिटी के चांसलर हिम्मत सिंह देवल ने कहा है कि माधव विश्वविद्यालय आज नवीनतम तकनीकियों के साथ विश्व में उपयोगी पेटेंट हासिल कर रहे है ।

### राज्यपाल ने जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की समीक्षा

# राष्ट्र विकास के लिए शिक्षा अहम, बढ़ाएं शिक्षा का स्तर-राज्यपाल

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**भीलवाड़ा।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि गरीब वंचित वर्ग के उत्थान के लिए विभागीय अधिकारी हमेशा कटिबद्ध रहे। जिले के अंतिम छोर तक बैठे प्रत्येक वंचित एवं पात्र व्यक्ति को विकास कार्यक्रमों व योजनाओं से लाभान्वित करें। राज्यपाल बागडे दो दिवसीय दौरे के दौरान कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला स्तरीय बैठक में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे । राज्यपाल ने केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं एवं वंचित वर्ग के सामाजिक एवं आर्थिक रूप से उत्थान के लिए प्रगतिरत कार्यक्रमों की समीक्षा की । बागड़े ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वंचित रहे शेष पात्र लोगों को आवास हेतु ऋण स्वीकृत कराए साथ ही गर्मी के मौसम में तापमान को कम करने के लिए हरियालो राजस्थान अभियान के तहत तय लक्ष्यों के अनुरूप पौधे लगाए एवं पूर्व में लगाए गए पौधों में से वर्तमान में जीवित पौधों का रेंडम सर्वे करवाया जाए। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ने वाली



सड़कों की जानकारी ली एवं निर्देशित किया कि वर्तमान में डामरीकरण से शेष रही सड़कों को सांसद/विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास योजना या अन्य मद से बजट उपलब्ध करवाकर आगामी समय में सड़के बनाई जाए ताकि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को परिवहन में आसानी हो। उन्होंने जल जीवन मिशन योजना की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी शत प्रतिशत हर घर जल कनेक्शन करना सुनिश्चित करें ।

#### राष्ट्र के विकास के लिए शिक्षा बेहद अहम, बढ़ाएं शिक्षा का स्तर - राज्यपाल

**राज्यपाल** बागडे ने शिक्षा विभाग के कार्यों की बारीकी से समीक्षा करते हुए कहा कि राष्ट्र के विकास के लिए शिक्षा बेहद अहम है। शिक्षा का स्तर ओर भी ज्यादा बढ़ाया जाए इसके लिए जिन विद्यालयों में नामांकन कम है वहां शिक्षा के प्रति परिवारजनों को जागरुक कर नामांकन बढ़ाएं। उन्होंने कृषकों, दुग्ध उत्पादकों, स्ट्रीट वेंडर, श्रमिकों सहित अन्य को केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से अब तक वंचित रहे पात्र लोगों को जल्द लाभान्वित करने के निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सा, शिक्षा, ग्रामीण विकास, विद्युत वितरण, पेयजल सहित महत्वपूर्ण विभागों की जिले में प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिले के समस्त आमजन को योजनाओं का लाभ मिले। उन्होंने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाएं गांव गरीब लोगों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है इसमें तेजी से प्रगति लाना सुनिश्चित करें। राज्यपाल बागडे ने समीक्षा करते हुए कहा कि प्रत्येक ग्राम में नल व विद्युत कनेक्शन की आपूर्ति हो। कोई भी व्यक्ति इन मूलभूत सुविधाओं से वंचित न रहे इसके लिए मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करना सुनिश्चित करें।

#### जिला कलेक्टर ने पौधा भेंट कर किया स्वागत

**बैठक** प्रारंभ होने से पूर्व जिला कलेक्टर जसमीत सिंह संधू ने राज्यपाल के आगमन पर पौधा भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया। बैठक में जिला कलेक्टर ने प्रेजेंटेशन के माध्यम से राज्यपाल को भीलवाड़ा जिले के भौगोलिक व प्रशासनिक परिदृश्य, इतिहास एवं विभागीय योजनाओं की प्रगति से अवगत करवाया ।

# 72 लाख के पैकेज के साथ यूईएम प्रथम, हुआ 100% प्लेसमेंट

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**जयपुर।** राजस्थान की शैक्षिक राजधानी जयपुर में स्थित यूनिवर्सिटी ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट (UEM), जयपुर ने एक बार फिर से अपने छात्रों को करियर की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने का वादा निभाया है। वर्ष 2025 के पासआउट बैच के लिए विश्वविद्यालय ने ऐतिहासिक प्लेसमेंट उपलब्धि हासिल की है, जिसमें न केवल 100% छात्रों को कम से कम एक जॉब ऑफर मिला, बल्कि दर्जनों छात्रों को दो या अधिक ऑफर्स प्राप्त हुए, जिनमें से 2 छात्रों को 4-4 जॉब ऑफर, 7 छात्रों को 3-3 ऑफर और 23 छात्रों को 2-2 ऑफर मिले। इस उपलब्धि ने न केवल छात्रों के भविष्य को सुरक्षित किया बल्कि संस्थान की साख को भी एक नई ऊंचाई पर पहुंचा दिया। वर्ष 2022-23 में विश्वविद्यालय के एक छात्र को 72 लाख रुपए प्रति वर्ष का उच्चतम पैकेज मिला था जो अब भी प्लेसमेंट इतिहास में एक मील का पत्थर बना हुआ है। वहीं वर्ष 2024-25 में विश्वविद्यालय ने 8.5 लाख प्रति वर्ष का औसत पैकेज सुनिश्चित किया, जो इस बात का प्रमाण है कि श्वरूजयपुर के छात्र न केवल शिक्षित हैं, बल्कि कॉर्पोरेट जगत के लिए पूरी तरह से तैयार भी हैं। इस वर्ष कुल 141 कंपनियों ने कैंपस रिक्रूटमेंट ड्राइव्स आयोजित कीं, जिनमें से कई बहुराष्ट्रीय कंपनियां थीं। उल्लेखनीय रिक्रूटर्स में Polycab India Pvt Ltd., Walmart Global Tech India, Metacube Software Pvt. Ltd., Xebia India, Cape Electric, Muvro Technologies Pvt. Ltd., SCHWING Stetter (India) Pvt. Ltd., HashedIn Technologies by Deloitte, Kaynes Technology India Ltd., DianApps Technologies Pvt. Ltd., Cynte&a Pvt. Ltd., Corelogics, IOPEX Technologies Pvt. Ltd., Kreeti Technologies Pvt. Ltd. और अनेक अन्य शीर्ष कंपनियाँ शामिल रहीं। इसके अलावा, विश्वविद्यालय ने वर्ष 2024-25 में अंतरराष्ट्रीय प्लेसमेंट के क्षेत्र में भी बड़ी उपलब्धि दर्ज की, जहाँ कुछ छात्रों को विदेश स्थित कंपनियों से ऑफर्स प्राप्त हुए, जो इस बात का संकेत है कि श्वरूजयपुर अब वैश्विक प्लेसमेंट परिदृश्य में भी मजबूती से कदम रख चुका है।

यूईएम कुलपति प्रो. डॉ. बिस्वजॉय चटर्जी ने बताया कि संस्थान का लक्ष्य छात्रों को केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि उन्हें इंडस्ट्री-रेडी प्रोफेशनल बनाना है। "हमने अपने पाठ्यक्रम में रियल-टाइम प्रोजेक्ट्स, हैकाथॉन्स, कोडिंग कम्पटीशन्स, डिज़ाइन थिंकिंग और स्टार्टअप माइंडसेट को प्रमुखता दी है।

कुलसचिव प्रो. डॉ. प्रदीप कुमार शर्मा ने प्लेसमेंट की सफलता के पीछे विस्तृत प्री-प्लेसमेंट ट्रेनिंग को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि "यूईएम जयपुर में पहले वर्ष से ही छात्रों की सॉफ्ट स्किल्स, कम्युनिकेशन स्किल्स, रेज़्युमे बिल्डिंग, ग्रुप डिस्कशन, मॉक इंटरव्यू और टेक्निकल राउंड की तैयारी कराई जाती है। हम प्रत्येक छात्र की व्यक्तिगत क्षमता का विश्लेषण करते हैं।"

कॉर्पोरेट रिलेशन्स के वरिष्ठ उप निदेशक अनीश विश्वनाथ ने बताया कि हम हर छात्र को उसकी क्षमताओं के अनुसार उपयुक्त कंपनी से जोड़ने के लिए प्रोफाइल-मैचिंग और स्किल-मैपिंग जैसे रणनीतिक तरीकों का उपयोग करते हैं।"

### विकसित कृषि संकल्प अभियान

# किसान संगोष्ठी एवं पशु स्वास्थ्य शिविर आयोजित



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**टोंक।** भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय द्वारा संचालित विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत भा.कृ.अनु.प.-केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान, अविकानगर द्वारा जिले की मालपुरा तहसील के गोपालपुरा, पिननी एवं आमली गांवों में किसान संगोष्ठी एवं पशु स्वास्थ्य शिविरों का सफल आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में कुल 437 किसानों में से 295 पुरूष एवं 142 महिला किसानों ने सक्रिय रूप से भाग लिया और वैज्ञानिकों से प्रत्यक्ष संवाद किया। इस अवसर पर संस्थान के निदेशक डॉ. अरुण कुमार तोमर, अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. एल. आर. गुर्जर सहित संस्थान के वैज्ञानिकों ने विभिन्न विषयों पर किसानों को मार्गदर्शन दिया।

शिविरों में प्राकृतिक खेती, मृदा स्वास्थ्य, पशुपालन तकनीक, पशु पोषण एवं स्वास्थ्य, तथा सरकारी योजनाओं की जानकारी जैसे विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही बीमार पशुओं की जांच व उपचार भी किया गया। कार्यक्रम के दौरान किसानों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कई अहम समस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित किया, जिनमें प्रमुख रूप से शामिल हैं ऊसर भूमि एवं खारे पानी की समस्या, न्यूनतम समर्थन मूल्य ;डैच) पर फसल की खरीद में देरी, प्रमाणित उर्वरकों की सीमित उपलब्धता एवं वितरण में विलंब, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में मुआवजे की अनुचित कटौती मुआवजा प्राप्ति की समय सीमा तय किए जाने की आवश्यकता किसानों ने सरकार से इन समस्याओं के शीघ्र समाधान हेतु आवश्यक कदम उठाने की मांग की। कार्यक्रम की इसी कड़ी में ग्राम आमली में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें संस्थान के प्रतिनिधियों ने ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और समाधान के लिए आगे की रणनीति पर विचार-विमर्श किया। अभियान में डुंगरपुर एवं दौसा जिलों में केंद्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर व केवीके की टीम ने मिलकर कुल 9 गांवों में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

### अनुसूचित जाति- उप परियोजना अंतर्गत कृषि उपकरणों का वितरण



**उदयपुर @ जागरूक जनता।** महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के अनुसंधान निदेशालय अंतर्गत अखिल भारतीय समन्वित कृषिरत महिला अनुसंधान परियोजना द्वारा झाडोल-फलासिया के सिंगरी, दोब, ओड़ा, रोहिमाला, बिरोठी, बांछीवाड़ा, सोमावाडा व कोल्यारी गांव की महिलाओं को अनुसूचित जाति उप परियोजना अंतर्गत विभिन्न प्रकार के कृषि सम्बधित उपकरणों का वितरण किया गया। परियोजना में लगभग 700 उपकरणों को इस क्षेत्र की महिलाओं को दिया जाना है। कार्यक्रम में डॉ विशाखा बंसल, इकाई समन्वयक ने बताया कि विभिन्न प्रकार के कृषि उपकरणों को अनुसूचित जाति की 200 महिलाओं को वितरित किया गया। जिसमें पाइप, वर्मी बेड, ग्रीन नेट, जारे (पानी के) और बाल्टी आदि थे। कार्यक्रम में लगभग 250 महिलाओं ने भाग लिया।

### ऑपरेशन सिंदूर के तहत फायर फाइटर्स का किया स्वागत



**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** पिछले दिनों सरहदी जिले बाड़मेर में चले ऑपरेशन सिंदूर के तहत सेती स्थित फायर स्टेशन के 17 फायर फाइटर दल द्वारा सरहदी क्षेत्र में आपदा प्रबंधन, अग्निशमन और राहत कार्यों में अहम भूमिका निभाने पर खिदमत सोसाइटी द्वारा गरिमामय स्वागत किया गया। यह कार्यक्रम फायर स्टेशन सेती में आयोजित किया गया। इस दौरान अवेस अख्तर कुका ने कहा कि फायर फाइटर दल ने ऑपरेशन सिंदूर के अंतर्गत बाड़मेर के सरहदी क्षेत्र में आपदा प्रबंधन, अग्निशमन और राहत कार्यों में अहम भूमिका निभाई है। इस दौरान रशीद मोहम्मद, सैय्यद अमानत अली, फिरोज़ खान, शरीफ खान, कौसर रब्बानी खान, फिरोज़ खान, नासिर हुसैन, हैदर शेख, आरिफ़ मेव, सैय्यद सलामत अली, अजहर नागौरी, अकरम अली, शाकिर खान, वसीम खान आदि उपस्थित थे।

### अरबन बैंक रजत जयंती वर्ष उद्घाटन एवं प्रधान कार्यालय शिलान्यास कार्यक्रम 7 को

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे के अरबन कोऑपरेटिव बैंक द्वारा आगामी 7 जून को आयोजित रजत जयंती वर्ष उद्घाटन एवं प्रधान कार्यालय भवन शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे, जिनके स्वागत की भव्य तैयारिया की जा रही है। बैंक अध्यक्ष डा आई एम सेठिया के अनुसार मुख्य अतिथि राज्यपाल, निदेशक वरिष्ठ सहकारी चिंतक सतीश मराठे, सहकारिता मंत्री गौतम कुमार दक, राजस्व मंत्री हेमंत मीना, सांसद सी पी जोशी, प्रमुख सचिव मंजू राजपाल, सहकार भारती के क्षेत्रीय संगठन मंत्री जीवन भाई गोले, विधायक श्रीचंद कृपलानी, चंद्रभान सिंह आक्या, अर्जुन जिनगर, डॉ सुरेश धाकड़ सहित जिला कलेक्टर आलोक रंजन, पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी का गरिमामय आतिथ्य प्राप्त होगा। कार्यक्रम के लिए विभिन्न कमेटियों का गठन किया गया है।

# आध्यात्मिक कल्याण महापदयात्रा में उमड़े श्रद्धालु

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** मेवाड़ के प्रसिद्ध श्री शेषावतार कल्लाजी वेदपीठ के 20 वें कल्याण महाकुंभ के उपलक्ष्य में ज्येष्ठ शुक्ला षष्ठी निकाली गई। आध्यात्मिक कल्याण महापदयात्रा में नौ तपा होने के बावजूद भी श्रद्धा का सैलाब उमड़ पड़ा। महापदयात्रा कल्याण नगरी निंबाहेड़ा स्थित ठाकुरजी के मंदिर से प्रातः 4 बजे रवाना होकर चित्तौड़गढ़ पहुंची। इस दौरान भक्तों द्वारा मार्ग में जगह जगह ठाकुर जी के रथ की पूजा अर्चना की गई। पदयात्रियों के नेहरू पार्क पहुंचने पर अल्प विश्राम एव अल्पाहार के बाद बैंड बाजों, डीजे साउंड एवं मालवी ढोल की थाप के साथ शोभायात्रा प्रारंभ की गई, जो कलेक्ट्री चौराहा, रोडवेज बस स्टेंड, सुभाष चौक, गोल प्याऊ, सदर



बाजार, गांधी चौक, मिठाई बाजार और लक्ष्मीनाथ मंदिर होते हुए पाडन पोल पहुंची। महा पदयात्रा का मुख्य आकर्षण जन जन के आराध्य ठाकुर श्री कल्लाजी का सुसज्जित रथ रहा। शोभायात्रा में श्रद्धालु ठाकुर जी के गगन भेदी जयकारा लगाते हुए चल रहे थे। पदयात्रा में शामिल हजारों कल्याण पदयात्रियों के साथ ही वेद विद्यालय के बटुक, वीर वीरांगना, कृष्णा शक्ति दल की माता बहनों ने जब दुर्ग पर प्रवेश किया तो ऐसी अनुभूति हुई, मानो एक बार फिर चतुरंगिनी सेना दुर्ग पर कूच कर रही हो।

#### दुर्गराज का चरण पूजन

**वेदपीठ** की परम्परानुसार पदयात्रियों एवं श्रद्धालुओं द्वारा दुर्ग राज की चरण पूजा में बड़ी संख्या में भक्तों ने पूजा अर्चना के साथ मेवाड़ के वीर-वीरांगनाओं को पुष्पाजंलि अर्पित की। इस दौरान दुर्ग की चरण पूजा वेदपीठ के आचार्यों, बटुकों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ करवाई गई। सभी पदयात्री द्वितीय दरवाजे के बाद स्थित ठाकुर श्री कल्लाजी और जयमल जी की छतरी पर लोक देवताओं की ओर से श्रद्धालुओं द्वारा कल्याण रथ की पूजा की गई। वहीं ठाकुर जी के रथ की ओर से जयमल कल्लाजी की पूजा अर्चना कर सर्वत्र खुशहाली की कामना की गई। सभी पदयात्री दर्शन कर स्काउट गाइड मुख्यालय पहुंचे।

**शहीद गंठेड़ी को अर्पित की श्रद्धाजंलि: चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** विधायक चंद्रभानसिंह आक्या ने शहीद राजेन्द्रसिंह के शहादत दिवस पर उनके गांव राजेन्द्रसिंह नगर गंठेड़ी में स्थापित शहीद की प्रतिमा पर पुष्पांजली कर उन्हे श्रद्धासुमन अर्पित किये।

### 15 दिवसीय खुदरा उर्वरक विक्रेता प्राधिकार पत्र प्रशिक्षण का समापन

# सफल उर्वरक विक्रेता के लिए सुनियोजित एवं स्तरीय प्रशिक्षण जरूरी-डॉ. कर्नाटक

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**उदयपुर।** जमीन धीरे-धीरे घट रही है और आबादी बढ़ते-बढ़ते आज 140 करोड़ हो चुकी है। ऐसे में उत्पादन बढ़ाने की गति को बनाए रखना जरूरी है। अब समय आ गया है कि शोध का शिक्षण हो। वैज्ञानिकों को किसान के खेत पर जाकर कार्य करना होगा ताकि तकनीक को किसान हाथों-हाथ आत्मसात कर सके। यह उद्गार सोमवार को महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अजीत कुमार कर्नाटक ने व्यक्त किए। डॉ. कर्नाटक प्रसार शिक्षा निदेशालय, उदयपुर द्वारा आयोजित 15 दिवसीय खुदरा उर्वरक विक्रेता प्राधिकार पत्र प्रशिक्षण के समापन अवसर पर बतौर




मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे। प्रशिक्षण में उदयपुर, राजसमंद, चित्तौड़गढ़, डूंगरपुर, बांसवाड़ा और सलूम्बर के 51 खुदरा उर्वरक विक्रेताओं ने भाग लिया जिनमें 7 महिलाएं भी शामिल थी।

उन्होंने कहा कि एक अच्छा विक्रेता बनने के लिए संपूर्ण जानकारी का होना जरूरी है। जानकारी सुनियोजित और स्तरीय प्रशिक्षण से ही संभव है जो एमपीयूएटी की नियमित गतिविधि है।

प्रसार शिक्षा निदेशक डॉ. आर. एल. सोनी ने कहा कि एक सफल खुदरा उर्वरक विक्रेता के लिए व्यापार में फाइव 'आर' की काफी महत्ता है। ये पांच आर है- रिस्क, रिलेशन, रेग्यूलेटरी, रेपूटेशन और रेट। इन्हें आत्मसात कर व्यापार किया जाए तो सफलता सुनिश्चित है।

कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि छात्र कल्याण अध्यक्ष डॉ. मनोज महला ने प्रशिक्षणार्थियों को उर्वरक उपयोग दक्षता बढ़ाने के उपाय सुझाए।

प्रशिक्षण समन्वयक एवं कार्यक्रम संचालक डॉ. लतिका व्यास, प्राध्यापक ने विश्वविद्यालय के विभिन्न कृषि वैज्ञानिकों एवं राज्य सरकार के कृषि अधिकारियों ने प्रशिक्षणार्थियों को उर्वरक प्राधिकार पत्र की महत्ता एवं इससे जुड़ी सैद्धांतिक एवं प्रायोगिक जानकारियां प्रदान की।

## घर मंगवाएं जागरूक जनता

**सदस्यता फार्म** दिनांक ....................

**जागरूक जनता हिन्दी अखबार एक उद्देश्य, एक मिशन, एक विश्वास के साथ आमजन की समस्याएं, वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य, सांस्कृतिक गलियारा, भौगोलिक दृष्टिकोण को एक-दूसरे से साझा करने के लिए एक सेतु का काम कर रहा है। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में आधुनिकतम एवं तकनीकी जानकारी पहुंचाकर शहरी एवं ग्रामीण विकास को प्रोत्साहित कर रहा है। जागरूक जनता समय-समय पर भिन्न-भिन्न विषयों के साथ- अपने पाठकों के बीच उपस्थित रहता है।**

सदस्यता राशि

☐ एक वर्ष रु. 250/- ☐ दो वर्ष रु. 450/- ☐ तीन वर्ष रु. 600/- ☐ पांच वर्ष रु. 1000/-

डाक से नियमित रुप से निम्न पते पर जागरूक जनता भेजने के लिए डिमान्ड ड्राफ्ट/मनीऑर्डर जागरूक जनता के नाम भेज रहा हूं। फोन-पे, पेटीएम-9829329070

नाम / संस्था का नाम ..............................

पता : ..............................

..............................

फोन .............................. पिन कोड ☐☐☐☐☐☐

राशि (रुपए) .............................. बैंक का नाम ..............................

डिमान्ड ड्राफ्ट / मनीऑर्डर क्रमांक ☐☐☐☐☐☐ (डीडी/एमओ जागरूक जनता के नाम भेजें)

• सदस्यता रजिस्ट्रेशन क्रं. ..............................रसीद क्रं. ....................

दिनांक .................... हस्ताक्षर

सदस्यता हेतु लिखे प्रसार प्रभारी →

जागरूक जनता
सकारात्मक हिन्दी अखबार

बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर (राज.) मो.- 9829329070, 9928022718

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

INTEGRAL UNIVERSITY LUCKNOW - INDIA

A+ ACCREDITED BY NAAC

NABH ACCREDITED 820 BEDDED HOSPITAL | NABL ACCREDITED LABS | NBA & ICAR ACCREDITED PROGRAMS

# CELEBRATING 27 YEARS OF EXCELLENCE




## AT INTEGRAL, YOUR JOURNEY BEGINS NOT JUST IN CLASSROOMS BUT IN THE QUIET AWAKENING OF YOUR GREATEST SELF

## POPULAR UNDER GRADUATE PROGRAMS

**ENGINEERING & INFORMATION TECHNOLOGY**

BACHELOR OF TECHNOLOGY
Electronics & Communication Engg. | Computer Science Engg. | Data Science & Artficial Intelligence | Cloud Computing & Artificial Intelligence | Artficial Intelligence & Machine Learning | Electrical Engg. | Mechanical Engg. | Electrical & Computer Science Engg. | Electric Vehicle | Civil Engineering | Biotechnology | Food Technology | Biomedical Engg. | Computer Application.

**AGRICULTURAL SCIENCE & TECHNOLOGY**

BACHELOR OF SCIENCE (HONS.)
Agriculture
BACHELOR OF TECHNOLOGY
Agricultural Engineering

**ALLIED HEALTH SCIENCES**

BACHELOR / BACHELOR OF SCIENCE
Physiotherapy | Medical Lab Sciences | Radiological Imaging Science | Optometry | Forensic Science | Anesthesiology & Intensive Care Technology | Blood Banking Technology | Dialysis Technology | Occupational Therapy | Nutrition & Dietetics | O.T. Technology | Respiratory Care Technology | Cardiovascular Technology | Medical Anatomy | Physiology | Biochemistry | Microbiology.

**ARCHITECTURE, PLANNING AND DESIGN**

BACHELOR OF ARCHITECTURE
BACHELOR OF DESIGN
Fashion Design | Product Design & Interior Design

**SCIENCE**

BACHELOR OF SCIENCE (HONS.)
Biotechnology | Life Science | Biochemistry | Zoology | Botany | Chemistry | Industrial Chemistry | Physics | Mathematics | Statistics | Computer Science | Environmental Science | Electronics.

**PHARMACY & NURSING**

B. PHARM. | D. PHARM. | PHARM. D. | PHARM. D. (PB)
NURSING – Basic | Post Basic | General Nursing & Midwifery (GNM) | Auxiliary Nursing & Midwifery (ANM)

**LAW**

BA-LLB | BBA-LLB | LLB

**BUSINESS MANAGEMENT**

BACHELOR OF BUSINESS ADMINISTRATION
BBA (Financial Services) | BBA (Business Analytics) | BBA (Supply Chain Management).

**COMMERCE**

BACHELOR OF COMMERCE ( HONS.)
B.Com (Retail Operation Management) | B.Com (International Accounting & Finance) | Hotel Management.

**HUMANITIES & SOCIAL SCIENCES & EDUCATION**

BACHELOR OF ARTS (HONS.)
English | Economics | Political Science | Psychology | Sociology | History | Liberal Arts | Journalism & Mass Communication
BACHELOR OF EDUCATION (B.ED.)

A wide range of programs & specializations at PG & PhD level are also available

Congratulations to all Successful Students of Class 10 & 12 in Board Exams
**Integral Wishes You All the Best For Your Bright Future !**

- Quality Education
- Affordable Fee Structure
- Experiential Learning
- Scholarships upto 100% *T&C Apply
- High Employability

## INTEGRAL UNIVERSITY SCHOLARSHIP SCHEME

- PROGRESSION SCHOLARSHIP
- ALUMNI SCHOLARSHIP
- MERITORIOUS SCHOLARSHIP
- NORTH EAST SCHOLARSHIP
- ORPHAN SCHOLARSHIP
- JAMMU & KASHMIR SCHOLARSHIP
- SIBLING SCHOLARSHIP
- SPECIALLY ABLED SCHOLARSHIP
- SPORTS SCHOLARSHIP
- STAFF SCHOLARSHIP
- ADOPTED VILLAGE SCHOLARSHIP
- REGIONAL DIVERSITY SCHOLARSHIP

INTEGRAL UNIVERSITY SCHOLARSHIPS

INTEGRAL UNIVERSITY ENTRANCE TEST (IUET) SCHOLARSHIP

200 ACRES Campus | 250+ PROGRAMS | 60 ACADEMIC DEPARTMENTS | 17,000+ STUDENTS On Campus | 43,000+ ALUMNI Across the globe | 250+ INTERNATIONAL STUDENTS

ADMISSIONS OPEN FOR SESSION 2025-2026
APPLY FOR IUET - 2025 Integral University Entrance Test
+91-93351 77775
website : www.iul.ac.in | e-mail : admission@iul.ac.in

INTEGRAL BUSINESS SCHOOL | INTEGRAL StartUps FOUNDATION | INTEGRAL HOSPITAL Committed to Better Health

INTEGRAL INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES & RESEARCH
SUPER SPECIALITY CLINICS
HOSPITAL HELP LINE NUMBER 7311 19 0006

820+ BEDDED MULTI SPECIALTY HOSPITAL | MRI, CT SCAN AND DIGITAL X-RAY | 24X7 EMERGENCY & TRAUMA CARE UNITS | PREVENTIVE CARDIOLOGY CLINIC | INTENSIVE CARE UNITS (MICU, ICCU, SICU, NICU, PICU) | STATE OF ART COVID TESTING LAB | ADVANCED PATHOLOGY | LIQUID MEDICAL OXYGEN (LMO) STORAGE TANK & PRESSURE SWING ABSORBER (PSA) OXYGEN GENERATOR PLANT | BLOOD BANK UNITS

संपादक : **ज्ञानेन्द्र मिश्रा** मो.-9829329070, फोन : 0141-3587886, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबर चयन के जिम्मेदार। **संपादकीय कार्यालय** : 180, जे.पी. कॉलोनी, मैन आपीए रोड, 16 नं. बस स्टैण्ड, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039

**बजट वर्ष 2025-26 की समीक्षा बैठक: गांव-ढाणी से लेकर राजधानी तक के सर्वांगीण विकास का रोडमैप इसमें समाहित चरणबद्ध और तय अवधि में बजटीय घोषणाओं को करें पूरा निर्माण कार्यों में गुणवत्ता हो सुनिश्चित**

# गरीब, किसान, महिला और युवाओं का कल्याण बजट का केन्द्र बिंदु-मुख्यमंत्री

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि विकसित राजस्थान के विजन को प्रभावी गति देने के लिए बजट 2025-26 में सभी आवश्यक प्रावधान किए गए हैं। हमारे बजट में प्रदेश की 8 करोड़ जनता का कल्याण और समस्त 200 विधानसभाओं का सर्वांगीण विकास निहित है, जिससे प्रदेश वर्ष 2030 तक 350 बिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बन सकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बजटीय प्रावधानों को समयबद्ध रूप से पूरा करने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।

शर्मा मंगलवार को मुख्यमंत्री निवास पर वर्ष 2025-26 की चरणबद्ध और एकीकृत रूप से लागू की जाने वाली बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन के संबंध में आयोजित समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन कार्यों का शिलान्यास हमारी सरकार के कार्यकाल में हो रहा है, उनका उद्घाटन भी हमारे ही कार्यकाल में हो इसके लिए सभी घोषणाओं को समय पर पूरा होना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग कार्ययोजना बनाकर चरणबद्ध रूप से होने वाले कार्यों के हर चरण की समय-सीमा तय करें और उसी अनुरूप कार्य करें। किसी भी स्तर पर लापरवाही बरतने वाले कार्मिकों पर सख्त कार्रवाई की जाए। श्री शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार बजटीय घोषणाओं की प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग कर रही है जिससे अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक इन जनकल्याणकारी योजनाओं का समय पर लाभ पहुंचना सुनिश्चित हो सके।

### आधारभूत ढांचे को किया जाए सुदृढ़, पारदर्शिता के साथ हो निर्माण कार्य –

मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्यों में पारदर्शिता एवं जवाबदेहिता के विशेष निर्देश प्रदान करते हुए कहा कि सुदृढ़ आधारभूत संरचना प्रदेश की अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार है। उन्होंने कहा कि गुणवत्ता के विषय पर किसी भी स्तर पर समझौता नहीं किया जाए। सड़क निर्माण कार्यों का फिजिकल वेरिफिकेशन अनिवार्य रूप से करवाएं। साथ ही, बिजली, पानी, सीवर की लाइन डालने और सड़क बनाने के कार्य संबंधित विभाग आपसी समन्वय से करें, ताकि आमजन को आवागमन में किसी भी परेशानी का सामना ना करना पड़े। शर्मा ने इसके साथ ही, नए जीएसएस निर्माण कार्यों के लिए भूमि आवंटन का कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश भी दिए।



### गरीबी मुक्त होंगे राजस्थान के गांव

**शर्मा** ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार गरीब, युवा, किसान और महिला के उत्थान के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। गरीबीमुक्त राजस्थान की परिकल्पना को साकार करने के लिए हमने पंडित दीनदयाल उपाध्याय गरीबीमुक्त गांव योजना शुरू की है, जिसके तहत प्रथम चरण में 5 हजार गांवों के बीपीएल परिवारों को गरीबी रेखा से ऊपर लाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। उन्होंने निर्देश दिए कि इन परिवारों को केन्द्र और राज्य की योजनाओं से लाभान्वित करते हुए गरीबी से मुक्त किया जाए। उन्होंने युवाओं को रोजगारोन्मुखी कौशल प्रशिक्षण और महिलाओं को राजीविका से जोड़ने के लिए निर्देशित किया।

### शहरों का हो सुनियोजित विकास

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि केन्द्र सरकार की स्मार्ट सिटी योजना की तर्ज पर प्रदेश के 16 शहरों को क्लीन एवं ग्रीन सिटी के रूप में विकसित करने की बजट में घोषणा की गई है। इन शहरों में सफाई, हरियाली, फुटपाथ निर्माण, सौन्दर्यीकरण जैसे कार्य सुनियोजित रूप से कर इन्हें मॉडल के रूप में विकसित किए जाएं। उन्होंने कहा कि नवगठित 65 नगरीय निकायों में वेस्ट प्रोसेसिंग प्लांट तथा एफएसटीपी की स्थापना भी शीघ्र की जाए।

### हवाई परिवहन सेवा के विस्तार से पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि राजस्थान में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। हमारे राज्य में विश्व प्रसिद्ध धार्मिक और ऐतिहासिक स्थल हैं। यहां पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए हवाई परिवहन को सुदृढ़ करना आवश्यक है। इसके लिए प्रदेशभर में हैलिपोर्ट्स विकसित कर पर्यटन एवं धार्मिक स्थलों के लिए हैलिकॉप्टर सेवा प्रारंभ की जाए। इससे पर्यटकों को सुविधाएं मिलने के साथ ही राजस्व में भी वृद्धि होगी।

### 100 एनिकटों के निर्माण में लाए गति

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में 500 करोड़ की लागत से 100 एनिकट का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को इस काम में गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिन बजटीय परियोजनाओं की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) नहीं बनी है उनकी चरणबद्ध डीपीआर शीघ्र तैयार की जाए, ताकि कार्य शीघ्र प्रारंभ हो और निश्चित समयावधि पर पूरा हो सके। शर्मा ने खनन, पुलिस, चिकित्सा आदि विभागों के कार्य तत्परता और दक्षता बढ़ाने के क्रम में सूचना प्रोद्यौगिकी तंत्र के सुदृढ़ीकरण के लिए भी निर्देशित किया। उन्होंने स्कूल शिक्षा विभाग से संबंधित 100 विद्यालयों के क्रमोन्नयन की बजट घोषणा की समीक्षा करते हुए कहा कि विद्यालयों में स्मार्ट क्लास रूम विकसित किए जाए, जिससे विद्यार्थियों को वर्चुअल शिक्षा की भी सुविधा उपलब्ध हो सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि पोषण क्षमता के दृष्टिगत श्री अन्न एक बेहतर विकल्प है। उन्होंने श्री अन्न की प्रभावी मार्केटिंग और इसे प्रोत्साहित करने के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे हमारे किसानों की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी। बैठक में मुख्य सचिव सुधांश पंत सहित संबंधित विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख शासन सचिव एवं शासन सचिव उपस्थित रहे।

**पशुपालन मंत्री ने योजना की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश**

# जल्द शुरू होंगे मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा के रजिस्ट्रेशन



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** पशुपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग मंत्री श्री जोराराम कुमावत ने कहा कि राज्य सरकार की बजट घोषणा 2025-26 के तहत मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया जल्द ही प्रारंभ होगी। योजना के तहत पशुपालक परिवारों के 42 लाख गाय, भैंस, भेड़, बकरी और ऊंट का रिस्क कवर किया जाएगा। श्री कुमावत मंगलवार को शासन सचिवालय में आयोजित योजना की समीक्षा बैठक में बोल रहे थे। बैठक में पशुपालन विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा, निदेशक डॉ. आनंद सेजरा, वित सचिव नवीन जैन, राज्य बीमा और प्रावधायी निधि विभाग के अधिकारी तथा पशुपालन विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ सुरेश मीना सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। कुमावत ने कहा कि यह योजना मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की महत्वाकांक्षी योजना है। उन्होंने योजना का प्रभावी रूप से क्रियान्वयन करने के लिए अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि पशुओं के हेल्थ सर्टिफिकेट के साथ ही उसकी बीमा पॉलिसी भी जारी की जाए जिससे यह काम अपने निर्धारित समयावधि में पूरा हो सके। उन्होंने पिछले वर्ष की बीमा पॉलिसी जारी करने की धीमी गति पर नाराजगी जाहिर करते हुए सर्वेयर की संख्या में बढ़ोतरी करने के निर्देश दिए। बैठक में बजट घोषणा के मुताबिक इस वर्ष 42 लाख पशुओं का बीमा कवर करने के संबंध में विस्तार से चर्चा हुई और कुमावत ने विभाग के अधिकारियों को इसी महीने नए रजिस्ट्रेशन के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू करने के निर्देश दिए। बाद में मीडिया से बात करते हुए कुमावत ने बताया कि वर्ष-2024-25 में कुल 16 लाख 72 हजार ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हुए थे।

**सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने किया ऋण आवेदन पोर्टल का शुभारम्भ**

# अनुसूचित जाति-जनजाति, सफाई कर्मचारी, दिव्यांगजन व अन्य पिछड़ा वर्ग स्वरोजगार ऋण के लिए अब कर सकेंगे ऑनलाइन आवेदन

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने राजस्थान अनुसूचित जाति जनजाति वित्त एवं विकास सहकारी निगम लि. के ऋण आवेदन पोर्टल का शुभारम्भ किया। गहलोत ने सचिवालय स्थित अपने कक्ष में पोर्टल शुभारंभ के मौके पर कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की दूरदर्शी और प्रगतिशील सोच के परिणामस्वरूप अनुजा निगम के ऋण पोर्टल में वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सफाई कर्मचारी, दिव्यांगजन एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के आवेदक स्वरोजगार के ऋण के लिए अब ऑनलाईन आवेदन कर सकेंगे। गहलोत ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा द्वारा वंचित वर्ग के व्यक्तियों के स्वरोजगार के लिए इन निगमों को पहली बार राज्य सरकार की तरफ़ से ऋण उपलब्ध करवाया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार वंचित तबके के उत्थान और कल्याण के लिए पूरी तरह संकल्पबद्ध है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने कहा कि इन वर्गों के आवेदक 31 अगस्त तक ऋण के लिए ऑनलाईन आवेदन कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पारदर्शी और सुशासन की मंशा के चलते विभाग ने यह नवाचार किया है। उन्होंने बताया कि आवेदक ऑनलाइन ऋण आवेदन ई-मित्र अथवा स्वयं की एसएसओ आई डी से भर सकता है। गहलोत ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के व्यक्तियों को 37.50 करोड़ रुपए का ऋण उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। यह ऋण राशि राज्य सरकार द्वारा अनुजा निगम को उपलब्ध कराई गई है। सफाई कर्मचारी एवं दिव्यांगजनों को भारत सरकार की राष्ट्रीय निगमों के माध्यम से लगभग 10 करोड़ रूपए का ऋण उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। गौरतलब है कि बजट घोषणा वर्ष 2025-26 में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सफाई कर्मचारी, दिव्यांगजन एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के डिफाल्टर ऋणियों को ऋण चुकाने में राहत के लिए एकमुश्त समाधान योजना (ओटीएस-वन टाइम सेटलमेंट स्कीम) प्रारम्भ की गई है।



### ईओ/आरओ भर्ती– 304 अभ्यर्थियों के दस्तावेज़ सत्यापन की प्रक्रिया आज से

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर द्वारा आयोजित अधिशाषी अधिकारी (वर्ग-IV) एवं राजस्व अधिकारी (ग्रेड-II) प्रतियोगी परीक्षा-2022 के चयनित अभ्यर्थियों के लिए दस्तावेज़ सत्यापन प्रक्रि या 4 जून से 6 जून 2025 तक निदेशालय, स्थानीय निकाय विभाग, राजस्थान, जयपुर में संपन्न होगी।

**अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन करेगा कार्यक्रम आयोजित**

# खाटू धाम में अग्र अलंकरण 12 को

**ऐतिहासिक होगा खाटू धाम का अग्र अलंकरण समारोह..12 जून के अलंकरण समारोह की तैयारियां जोरो पर, डेलीगेट कार्ड एवं अग्रिम पंजीयन के माध्यम से मिलेगा समाज बंधुओं का कार्यक्रम स्थल पर होगा प्रवेश, अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन मथुरा एवं मथुरा महानगर जिला इकाई के आतिथ्य में आयोजित है द्वितीय अग्र विभूति अलंकरण समारोह..देश विदेश की अग्रकुल की गौरवशाली हस्तियां होंगी शामिल, सम्माननीय प्रायोजक परिवार की गरिमामयी उपस्थिति में होगा सम्मान समारोह कार्यक्रम....राज कुमार मित्तल**

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर/कोलकाता।** अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के 12 जून 2025 बृहस्पतिवार बाबा श्याम की नगरी खाटू धाम में होने जा रहे द्वितीय अग्र विभूति अलंकरण समारोह को लेकर तैयारियां जोरो से चल रही हैं। इस आयोजन में जहां लगभग 500 समाज बंधुओं के आने की संभावना बताई जा रही है तो वही इस पूरे आयोजन में संस्था द्वारा डेलीगेट कार्ड एवं अग्रिम पंजीयन के माध्यम से आने वाले समाज बंधुओं को कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश की सुविधा प्रदान की जाएगी एवं कार्यक्रम को लेकर जहां 12 जून को सुबह उद्घाटन सत्र के साथ ही अग्रवाल समाज की अलग अलग क्षेत्रों में काम करने वाली 37 महान विभूतियों का अलंकरण के माध्यम से सम्मान किया जाएगा तो वही भारतीय संघ लोक सेवा आयोग upsc में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले अग्रवाल समाज के विद्यार्थियों का भी सम्मान होगा।

कोलकाता में संपन्न हुए प्रथम अग्र अलंकरण 2024 से भी ज्यादा अग्र बंधुओं ने द्वितीय अग्र अलंकरण के 37 क्षेत्रों के लिए अलग अलग क्षेत्रों में अपना आवेदन प्रेषित किया है, उत्साहवर्धन स्वरूप अग्र कुल के प्रतिभावान सदस्यों के वरीयता के आधार पर आवेदन को "अग्र गौरव सम्मान" से नवाजे जाने का निर्णय भी लिया गया है एवं उक्त अवसर पर सभी समाज बंधुओं को गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति में मंच पर बुला कर सम्मानित किया जाएगा उपरोक्त कार्यक्रम का आयोजन अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के अध्यक्ष राज कुमार मित्तल के दिशा निर्देशन एवं संस्था की मथुरा एवं मथुरा महानगर जिला इकाई के आतिथ्य में किया जा रहा है।



अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन की समस्त प्रदेश इकाईयां एवं द्वितीय अग्र विभूति अलंकरण समारोह आयोजन समिति के सदस्य दिन रात मेहनत कर कार्यक्रम के सफल आयोजन की तैयारियों में लगे हुए है तथा पूरे कार्यक्रम को लेकर संस्था के सम्माननीय सदस्यों में उत्साह देखा जा रहा है तो वही इस अवसर पर खाटू धाम राजस्थान के विभिन्न भवनों को भी आगंतुक समाज बंधुओं के लिए आरक्षित किया गया है एवं अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन द्वारा आयोजित द्वितीय अग्र विभूति अलंकरण समारोह 2025 कार्यक्रम स्थल..श्याम अर्पण "छत्तीसगढ़ भवन" कोतवाली रोड खाटू श्याम सीकर (राजस्थान) में होगा।

आयोजन को सफल बनाने में राष्ट्रीय संरक्षक अजय कांत गर्ग,संस्थापक कोषाध्यक्ष गणेश भरतीया, राष्ट्रीय संगठन मंत्री पवन मित्तल, राष्ट्रीय संयोजिका महिला इकाई सुशीला फरमानिया के मार्गदर्शन में एवं मथुरा, मथुरा महानगर जिला इकाई के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य जुटे हुए है तो वही अग्र अलंकरण 2025 कार्यक्रम के संरक्षक कृष्ण कन्हैया गोयल एवं राष्ट्रीय संयोजिका,अग्र अलंकरण उमा बंसल के मार्गदर्शन में 37 विभूतियों का चयन कर सूची भी घोषित की जा चुकी हैं एवं सम्माननीय प्रायोजक परिवार एवं चयनित विभूति परिवारों से आने वाले प्रतिनिधियों की सूची केंद्रीय मुख्यालय द्वारा मांगी गई है।

कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश हेतु डेलीगेट कार्ड एवं सम्माननीय प्रायोजक, चयनित परिवारों के सभी प्रतिनिधियों के आगमन, प्रस्थान की विस्तृत जानकारी 27 मई तक प्रेषित करने का आग्रह किया गया है ताकि आवासीय व्यवस्था को सुचारू से संपादित किया जा सके तो वही पूरे आयोजन को लेकर जहां 12 जून के उद्घाटन सत्र में देश की प्रतिष्ठित राजनैतिक एवं सामाजिक हस्तियां इस कार्यक्रम की शोभा होंगी तो वही आगंतुक अतिथियों में प्रमुख रूप से लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिड़ला,रायपुर के लोकप्रिय सांसद वृज मोहन अग्रवाल, उड़ीसा के पूर्व राज्यपाल प्रोफेसर गणेशी लाल, भीलवाड़ा लोकसभा क्षेत्र के लोकप्रिय सांसद दामोदर अग्रवाल, राज्यसभा के सांसद डॉक्टर नरेश बंसल एवं जयपुर मालवीय नगर के विधायक काली चरण सराफ एवं अन्य समाज की प्रमुख हस्तियों के भी आने का कार्यक्रम निर्धारित हो चुका है तथा 12 जून एवं 13 जून के कार्यक्रम को लेकर आगंतुक समाज बंधुओं के लिए राजस्थान के परम्परा के अनुरूप सुंदर भोजन व्यवस्था एवं हाइटी के लिए भी व्यवस्था हो चुकी हैं तथा बाबा खाटू श्याम के भी दर्शन का लाभ समाज बंधुओं को इस दौरान मिलेगा अंतर्राष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के केंद्रीय मुख्यालय ने सभी सम्माननीय सदस्यों एवं समाज बंधुओं को इस ऐतिहासिक कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया है।

